
सूर्योदय प्रातः 5:19 | सूर्यास्त संध्या 6:15 | पखवाड़ा वैशाख कृ. चतुर्थी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 38° न्यूनतम 26°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, रविवार, 28 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 75, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**
सेंसेक्स 73,730.16 -609.28 (-0.82%)
निफ्टी 22,419.95 -150.40 (-0.67%)

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम
22 carat
सोना 71,660.00
चांदी 829.00

# दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ : अमित शाह



■ राजकोट के जामकंडोरण में केन्द्रीय मंत्री ने की चुनावी जनसभा; कहा : नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली/राजकोट** : केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए लोगों से नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनायेंगे। अमित शाह ने शनिवार को राजकोट जिले के जामकंडोरणा में पोरबंदर लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए अबतक दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ हो गया है। सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अनुच्छेद 370 के खात्मे और राममंदिर निर्माण की भी चर्चा की। शनिवार सुबह उन्होंने कहा कि गांधी-सरदार के गुजरात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में पहचान दिलायी। शाह ने कहा कि 10 वर्षों के शासनकाल में नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के किये गड्ढों को भरने का काम किया है। आगामी 05 साल में नींव डालने ● शेष पृष्ठ 11 पर

## कांग्रेस आदिवासी विरोधी पार्टी

**गुजरात** के अपने झंझावती दौरे पर केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को दूसरी जनसभा भरुच के खंडोली में की। यहां उन्होंने कांग्रेस को आदिवासी विरोधी पार्टी करार दिया। यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि यह आदिवासी भाइयों के लिए पहले से बने कानून पर लागू नहीं होगा। भरुच से भाजपा उम्मीदवार मनसुख वसावा को जिताने की अपील करते हुए उन्होंने जनता से कहा कि यदि उन्होंने गड़बड़ी की, तो अर्बन नक्सली आदिवासी क्षेत्र को तहस-नहस कर देंगे। भरुच के खडोली में अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बारम्बार मुस्लिमों को आरक्षण देकर एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार छीनने की बात करती है। हमने अपने घोषणापत्र में कहा कि कोई भी आरक्षण धर्म आधारित नहीं हो सकता है। मुस्लिम रिजर्वेशन के जितने भी प्रयास हुए हैं, भाजपा ने इन सभी प्रयासों को समाप्त कर आदिवासी, दलित और ओबीसी समाज को देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने गारंटी दी है कि मोदी आदिवासी, दलित और ● शेष पृष्ठ 11 पर

## शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन, पंचतत्व में हुए विलीन

■ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि
■ शिबू सोरेन, कल्पना सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन, मिथिलेश ठाकुर सहित कई लोग हुए शामिल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़)** : पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन उम्र (84) वर्ष का निधन लम्बी बीमारी के बाद शनिवार को रांची में हो गया। उनका पार्थिव शरीर रांची से उनके पैतृक आवास रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड स्थित नेमरा लाया गया। वहां धार्मिक रीति-रिवाज के कार्यक्रम के बाद उनका अंतिम यात्रा निकाली गयी। इसके बाद घर से कुछ दूरी पर स्थित मुक्तिधाम में उन्हें पंचतत्व में विलीन कर दिया गया। मुखाग्नि उनके भतीजे दयानन्द सोरेन ने दी। शव यात्रा में राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, पेयजल एंव स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, बसंत सोरेन, कल्पना सोरन, रूपी सोरेन, पूर्व विधायक अर्जुन राम, विजय महतो, सुनील राज चक्रवर्ती, रेखा सोरेन, अंजलि सोरेन, सावन टुडू, मुखिया जीतलाल टुडू, दिनेश मुर्मू, महालाल टुडू, हेमलाल टुडू, केशव टुडू, सतीश टुडू, छोटेलाल, दिलीप मुंडा, हेमलाल सोरेन, श्रीपद टुडू, रितुलाल सोरेन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। स्व. राजाराम सोरेन लम्बे समय से गोला के डाकबांग्ला में रहकर गट्र्स नामक गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) ● शेष पृष्ठ 11 पर

### हेमन्त सोरेन को दाह संस्कार में भाग लेने के लिए नहीं मिली जमानत

**पूर्व** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के कारण वह अपने बड़े पिताजी के दाह संस्कार में भाग नहीं ले सके। उन्होंने कोर्ट में अपने बड़े पिताजी के दाह संस्कार से लेकर पूरे क्रिया-कर्म के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 13 दिन के लिए अग्रिम जमानत की अर्जी लगायी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## एक झलक

### आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेगी कांग्रेस : प्रियंका गांधी

**धरमपुर** : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर स्थित दरबार गढ़ कम्पाउंड में सभा को सम्बोधित किया। सूरत हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद यहां हेलीकॉप्टर खराब होने के कारण वह सड़क मार्ग से धरमपुर पहुंचीं। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कांग्रेस मेनिफेस्टो की खूब चर्चा है, इसे न्याय पत्र नाम दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले 10 सालों से लोगों के जीवन में तरक्की नहीं आयी, लोगों को न्याय नहीं मिला है। कांग्रेस ने जो न्याय पत्र बनाया है, इसमें काफी स्कीम और गारंटी लाये हैं, उन्हें पूरा करेंगे। जहां-जहां हमारी सरकारें हैं या थीं, वहां हमने जो भी गारंटी दी, उसे पूरा किया। हमारी सरकार आयेगी, तो वन अधिकार का कानून लागू करेंगे और पट्टों से सम्बन्धित मामलों का फैसला एक साल के अंदर करायेंगे। एससी-एसटी का सब प्लान लागू करेंगे। आदिवासी समाज की जहां अधिक जनसंख्या है, उसे अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेंगे, ताकि सब सुविधाएं मिलें। न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये तय करेंगे, जिससे कोई शोषण नहीं कर सके।

### गुमला के सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते पकड़ा

**रांची** : राज्य के गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 9000 रुपये रिश्वत लेते पकड़ा है। मुंशी को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम पूछताछ के लिए रांची ले गयी। रांची के इटकी निवासी सौरभ गुप्ता की शिकायत पर एसीबी की टीम ने कार्रवाई की और रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। मुंशी के घूस लेते पकड़े जाने के बाद गुमला जिले के सिसई थाने की पुलिस मामले को दबाने में लगी रही। बताया जा रहा है कि रांची जिले के इटकी थाना क्षेत्र के इटकी गांव निवासी सौरभ गुप्ता की शिकायत पर एसीबी की रांची टीम ने कार्रवाई की है।

### गढ़वा के विशुनपुरा बीडीओ ने की खुदखुशी

**गढ़वा** : गढ़वा जिले के विशुनपुरा प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना करकेट्टा ने शनिवार की दोपहर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने सरकारी आवास पर फांसी लगा कर आत्महत्या की है। यह भी बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से काफी परेशान थे। आत्महत्या की सूचना मिलते ही उपायुक्त शेखर जमुआर समेत जिले के अधिकारी उनके सरकारी आवास पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस भी जांच में जुटी है।

## अंदर के पन्नों पर

4 मतदान दिवस के दिन वोट करने की अपील …
5 बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ़ करने के…
7 वाद निष्पादन का सबसे सरल मार्ग है लोक …
9 करंट की चपेट से तीन लोगों की …
10 टाइटंस का आरसीबी से मुकाबला आज …

## चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण

## पारदर्शी मतदान के लिए आयोग तत्पर : के रवि कुमार

■ फेक न्यूज पर हो रही लगातार निगरानी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार ने कहा है कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें, तो वे बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया ● शेष पृष्ठ 11 पर

## रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सकों सहित छह को किया गया क्वारंटाइन



### मुर्गियां, अंडे और बतख किये जा रहे नष्ट

**राजधानी** रांची के होटवार में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से ● शेष पृष्ठ 11 पर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया ● शेष पृष्ठ 11 पर

## संदेशखाली में सीबीआई छापे पर टीएमसी ने की चुनाव आयोग से शिकायत




■ विपक्ष ने मांगा ममता बनर्जी का इस्तीफा

**नयी दिल्ली** : पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी और यहां पर मिले विदेशी हथियारों को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गयी है। संदेशखाली में छापेमारी की घटना को जहां एक तरफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने जहां इसे राज्य को बदनाम करने की साजिश बता कर चुनाव आयोग से शिकायत की है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेता इस मामले में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग करने लगे हैं। भाजपा नेता पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति ● शेष पृष्ठ 11 पर

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
**E-mail : ceocomputercell1@gmail.com**

**आम सूचना**

'लोक सभा निर्वाचन-2024' के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं०- 1800-331-1950 एवं Voter Helpline Number - 1950 पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।

**जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष**

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूँटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें
Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

PR- 324145 (Election) 24-25

## एक झलक

### मतदाता जागरूकता के लिए 01 मई को कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची :** खेलगांव स्टेडियम में शाम 4 बजे से स्वीप रांची और CRICJOURNO ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के लिए आगामी 1 मई को कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पत्रकारों की आठ और स्वीप रांची की एक टीम भाग ले रही है।

### मोदी के मंगलसूत्र पर निंदनीय बयान देने से वोटिंग प्रतिशत कम हुआ : कैलाश यादव



**रांची :** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने देश में हो रहे 2024 लोकसभा आम चुनाव में औसतन कम वोटिंग होने पर चिंता जताई है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश में प्रचंड बेरोजगारी,महंगाई, डिग्री प्राप्त युवाओं का भविष्य, किसान,मजदूर, महिला सुरक्षा एवं बढ़ती गंभीर के इलाज हेतु स्वास्थ चिकत्सा जैसे ज्वलंत एवं महत्वपूर्ण मुद्दे को छोड़ मंगलसूत्र,बजरंगबली, हिंदू मुस्लिम कर ध्रुवीकरण करने जैसे अनर्गल बातें करने से देश की जनता जनार्दन काफी नाराज है जिस कारण वोटिंग करने में बहुत ज्यादा रुचि नहीं दिखाई दे रहे हैं, निश्चित रूप से भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंताजनक विषय है। ज्ञात हो कि पिछले 10 वर्ष पहले 2014 में जब देश के प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को कहा था अब देश में बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा, युवाओं, मजदूरों, किसानों की बदहाली दूर कर एक कीर्तिमान स्थापित करेंगे, इन सभी बातों से देश की सभी वर्गो के लोगो ने भरोसा जताकर आपार जनसमर्थन दिया एवं पूर्ण बहुमत देकर ऐतिहासिक परिणाम दिया था। लेकिन 10 वर्ष बाद 2024 में पीएम मोदी अपने वादे और दावे पर खरे नही उतरे सिर्फ एक थोथी दलील और लोकलुभावन घोषणाएं रह गई।

### 109वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 109वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में एवं लक्ष्मण प्रसाद टिकमानी पुष्पा देवी टिकमानी एवम परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमानश्री अग्रवाल परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की । भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को टीकमानी परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के लक्ष्मण प्रसाद तिकमानी पुष्पा देवी टीकमानी विकास श्वेता यशवी विधि सूर्यांश तिकमानी ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया।

### लोक आदलत में 3250 लंबित मामलों का निष्पादन

**रांची :** राज्य में चेक बाउंस और बिजली से सम्बंधित मामलों के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें कुल 24727 प्री लिटिगेशन एवं कुल 3250 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल 270528545 रुपये का निष्पादन किया गया। झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत के आयोजन की तैयारी एक माह से की जा रही थी।

---

### डीसी ने अधिसूचना जारी होने के पूर्व निर्वाची पदाधिकारी कक्ष में किये जानेवाले कार्यों को लेकर किया पूर्वाभ्यास

# समाहरणालय परिसर का भ्रमण कर डीसी ने व्यवस्था का लिया जायजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल 2024 को जारी होगी। इससे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा तैयारियों की समीक्षा करते हुए पूरी व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 को निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में संपादित किये जाने वाले कार्य को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र, श्री राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निवार्ची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र, श्री उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निवार्ची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र राम नारायण सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

**भारत निर्वाचन आयोग के अनुदेशों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बारी-बारी से निवार्ची पदाधिकारी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मचारियों से उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी ली गयी। उन्होंने सभी से भारत निर्वाचन आयोग के अनुदेशों/निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन के लिए आने वाले अभ्यर्थियों से किस तरह दस्तावेज प्राप्त किए जाने हैं और आगे की कार्रवाई किस प्रकार की जानी है इसे लेकर सभी को उचित व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नामांकन के दौरान सामाहरणालय परिसर में किस तरह की व्यवस्था की गई है। इसका भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जायजा लिया गया।



समाहरणालय मुख्य द्वार से लेकर निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष तक की जाने वाली व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सुरक्षा के होंगे व्यापक प्रबंध**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होगी। पदाधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अनावश्यक रूप से समाहरणालय परिसर में भीड़ न लगे। मीडियाकर्मियों के लिए बैठने की व्यवस्था, विभिन्न स्थानों में बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, ध्वनि विस्तारक यंत्र, लिफ्ट एवं लाइट की व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी और नजारत उप समाहर्त्ता को पूरी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**कमरा संख्या 202 को बनाया गया निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष**

**रांची** लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन करने की अंतिम तारीख को अपराह्न 3:00 बजे के बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी।

**कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे अभ्यर्थी**

29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या- 312 से अभ्यर्थी नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। कार्यालय अविध (सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा।

**पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**

**नामांकन** प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं विधि व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय परिसर एवं आसपास पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। निम्न स्थानों पर पदाधिकारियों एवं दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है-

- समाहरणालय परिसर का मुख्य प्रवेश द्वार एवं ड्राप गेट (ब्लॉक-ए) के समीप
- समाहरणालय परिसर का मुख्य प्रवेश द्वार एवं ड्राप गेट (ब्लॉक-बी) के पास
- समाहरणाल परिसर ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी मोड़ पर (ड्रॉप गेट)
- ब्लॉक ए का मुख्य प्रवेश द्वार
- उपायुक्त कार्यालय कक्ष के समीप कमरा संख्या 201 के बाहर
- उपायुक्त के सभा कक्ष कमरा संख्या 207 के समीप
- मुख्य गेट के बाहर एवं आस पास कचहरी रोड (एसबीआई के सामने)
- कचहरी चौक
- कमिश्नरी ऑफिस चौक

प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों को 29 अप्रैल 2024 से 09 मई 2024 तक प्रतिनियुक्ति स्थल पर सुबह 9:00 बजे से योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आदर्श आचार संहिता के आलोक में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

---

### मोमिन कॉन्फ्रेंस रांची जिला की नयी कमिटी की घोषणा

## जफर ईमाम बनाये गये प्रधान महासचिव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने संगठन का विस्तार करते हुए राँची जिला कमिटी के पदाधिकारियों की नामों की घोषणा की है। शनिवार को अंजुमन प्लाजा स्थित सभागार में एक बैठक में नई कमिटी की घोषणा की गई। बैठक में राँची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद अधिसूचना जारी करते हुए नई कमिटी की घोषणा की। जारी अधिसूचना के मुताबिक जफर इमाम अंसारी को प्रधान महासचिव बनाया गया है। वहीं अब्दुल गफ्फार अंसारी, दिलरुबा अंसारी,फिरोज आलम, जाकिर हुसैन, शमीम अंसारी, असलम शेख, अब्दुल्लाह हबीब, मो० सामी अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, मो० तौहीद, प्रो० गफ्फार,परवेज अंसारी, अशरफ अंसारी, मसीउद्दीन अंसारी, सयुफ अंसारी, शफीउल्लाह अंसारी और शकील अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मियाँ जान, कयूम फराज,यासीन अंसारी, आजाद अंसारी, हफीजुर्रहमान अंसारी,अनिसुल रहमान, महबूब अंसारी, रिजवान अंसारी, अशफाक अंसारी, इसमाईल अंसारी, इमरान रजा अंसारी, ऐनुल अंसारी, शफीक अंसारी, कलीम अंसारी, कयूम अंसारी, सत्तार अंसारी एवं सज्जाद अंसारी को महासचिव बनाया गया है। सचिव के पद पर शमीम अंसारी, अब्दुल इमाम अंसारी, सलीम अंसारी, महीबुल ओहदार,मो० जावेद अख्तर, मुस्तफा अंसारी, मो० इश्तियाक अंसारी, मसीउद्दीन असारी, शफीकुल मजीद, रहीम अंसारी महताब अंसारी ,असलम अंसारी, नासिर अंसारी, जसीम अंसारी, शमशाद अंसारी, शकील अंसारी एवं असलम को मनोनीत किया गया है।

---

## भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर तानाशाही शासन कायम करने की कोशिश में : रहीम अंसारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष रहीम अंसारी ने प्रेस प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लोक सभा चुनाव 2024 के आम चुनाव में इडिया गठबन्धन में शामिल तमाम पार्टियों एवं आम अवाम से गुजारिश है। कि देश हित में लोकतंत्र को बचाने के लिए इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए मतदान करें। क्योंकि एक तरफ भाजपा लोकतंत्र (जम्हूरिशत) को खत्म कर तानाशाही शासन कायम करने के कोशिश में लगी है। वहीं सेकुलर दल अथवा इण्डिया गठबन्धन के तमाम दल मिलकर लोक तंत्र को बचाने और आम अवाम के एक अधिकार को बचाने के लिए पशो



पेस हैं। देश के प्रधान मंत्री का प्रयास है कि भारतीय संविधान को बदलकर तानाशाही तंत्र कायम कर शासन करता हूं। जो कतई देश की जनता को पसन्द नहीं है। हाल ही में असम के मणिपुर में हिंसक वारदात हुई उसमें औरतों के इज्जत आबरू को सरेआम लूटा जा रख था और हघटना की शुद्धि तक लेने का मोदी जी को समय नहीं था। इसकी चोट वहां की जनत वोट से करेंगे। मोदी जी चाहते है बिरोध करेंगें उसे सलाखों के पीछे डाल देंगे। उदाहरण हैं की झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल। वहीं सोरेन बहुत कम समय में झारखण्डियों का कल्याण एवं विकास के लिए अनेकों काम किए यह भाजपा के लोगों को पच नहीं रहा था इसलिए इन्हें भारी मुकदमें में फंसाकर इडी को मोहरा बनाकर जेल में डाल दि?या गया है। इसी का चोट भाजपा को वोट से यहाँ की जनता देगी। वहीं उन्होंने कहा कि मैं इस आम चुनाव में झारखण्ड के तमाम बुद्धिजिवीयों से गुजारिश है कि जम्हूरियत को अगर बचाना है तो भाजपा के लोकतंत्र को बदलने की कोशिश को एकजुट होकर शिकस्त देने क काम करें। इसके लिए सभी सेकुलर जनों को इण्डिया गठबन्धन के उम्मदवारों के पक्ष में मतदान करें और मतदान करवाने का काम करें न कि भापजा उम्मीदवारों को लाभ पहुँचाने के लिए अलग अलग मंच बनाकर उम्मीदवार खड़ा करें।

---

## गुरु नानक सेवक जत्था ने सजाया कृष्णा नगर कॉलोनी में वैशाखी के उपलक्ष्य में विशेष दीवान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में आज 27 अप्रैल,शनिवार को वैसाखी के उपलक्ष में विशेष दीवान सजाया गया.दीवान की शुरूआत रात 8:00 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा 'देह शिवा वर मोहे ईहे शुभ करमन ते कबहूं न टरों...........' शबद गायन से हुई.तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वाराखालसा अकाल पुरख की फौज परगटयो खालसा परमात्म की मौज....... एवं पीओ पाहुल खंड धार

होये जनम सुहेला, वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे गुर चेला...शबद गायन किया गया।

दीवान में शिरकत करने विशेष तौर से टांडा ,जालंधर से पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई नवप्रीत सिंह जी एवं बीवी तरणप्रीत कौर ने सब परिवार चढ़ाया बेड़े दीन दयाल भरोसे तेरे.......एवं कर मिन्नत कर जोदड़ी मैं प्रभ मिलणे का चाउ..... तथा रैणी रहे सो सिख मेरा ओ साहेब मैं उसका चेरा....... शब्द गायन कर श्रद्धालुओं को गुरबाणी से जोड़ा।

---

## नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ाया : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने आज सील्ली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र नवाडीह, घाघरा पराहातु मे जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया। इसी तरह राम मंदिर का निर्माण 5 सालों की प्रतीक्षा का प्रतिफल आज प्राप्त हुआ आज पाकिस्तान के आंख में आंख डालकर भारत बात करता है सर्जिकल स्ट्राइक इसका एक जीता जागता उदाहरण है।

---

## रांची प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को झामुमो नेता ने दी बधाई व शुभकामनाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** झामुमो के सक्रिय नेता सह वार्ड सदस्य अब्दुल मन्नान अंसारी ने इंडिया गठबंधन की रांची प्रत्यासी यशस्विनी सहाय से मिलकर उन्हें प्रत्यासी बनाए जाने पर बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर झामुमो पार्टी के सक्रिय नेता अब्दुल मन्नान अंसारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने रांची से युवा चेहरा को मौका दिया है।जिससे राजनीति में भविष्य देख रहे युवाओं में काफी उत्साह है, युवाओं का पुरजोर प्रयास होगा कि भारी से भारी मतों से यशस्विनी जी को जीताकर लोकसभा भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यशस्विनी सहाय पढ़ी लिखी एवं महिला होने के साथ-साथ राजनीतिक अनुभव भी रखती हैं वे जिस परिवार से आती हैं जिन्हे घर से ही समाजसेवा की शिक्षा मिली है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सह तीन बार रांची के सांसद रहे सुबोध कांत सहाय जी की पुत्री होने के कारण राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकुशलता उनमें दिखाई देती हैं।

---

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया बच्चों के लिए योगा व करांटे के प्रशिक्षण का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम Every Kid Healthy Week के पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत समर्पण शाखा लगातार कार्य कर रही है, जिसमें आज पांचवें दिन कार्य का समापन राणी सती विद्यालय में किया गया। आज शाखा ने राणी सती विद्यालय में बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए योगा शिक्षक को बुलाया। उन्होनें बच्चों को योगा सिखाया और रोजाना योग से क्या फायदा होता है, इसकी जानकारी बच्चों और शिक्षक को दी। उन्होंने कहा कि रोजाना योग करने से हमारे शरीर और मस्तिक का विकास होता है। इसके अलावा अपनी सुरक्षा स्वयं करने के लिए करार्टे का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस कार्य में विद्यालय प्रबंधक ने भी पूरा साथ दिया, जिसके लिए शाखा उन्हें धन्यवाद देती है। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों और बड़े सभी को रोजाना योग करना चाहिए। हमारे इस कार्य की सराहना और प्रशंसा भी की। कार्य को सफल बनाने में शाखा के सदस्यों का भरपूर साथ रहा। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, और शाखा की बहनें शुभा अग्रवाल, कविता सोमानी, आशा सर्राफ, कोमल पोद्दार, दीपिका मोतिका उपस्थित थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

---

## सफलता के निमित्त नीट के परीक्षार्थियों को दिये गये समुचित टिप्स

**विश्वोदया** लर्निंग सेंटर, रांची एक ऐसी शिक्षण संस्था है, जो सफलता के निमित्त नीट के परीक्षार्थियों को समुचित जानकारी प्रदान करती है। इस बाबत लर्निंग सेंटर ने परीक्षार्थियों को अनेक उपयोगी निर्देश दिये हैं। कुछ यूं दिये गये हैं निर्देश

- सर्वप्रथम अपनी तैयारी, शिक्षकों पर पूर्ण विश्वास रखें और आत्मविश्वास बनाये रखें।
- बबल्स की शेडिंग हर प्रश्न के साथ करते रहें। इकट्ठे बबल्स शेड करने की गलती न करें।
- समय प्रबंधन और नेगेटिव मार्किंग से बचें।
- यदि किसी प्रश्न के उत्तर के बारे में ज्यादा निश्चित तौर पर जानकारी नहीं है, तो गेस करने से बचें।



**फिज़िक्स** में बेहतर प्रदर्शन के लिए विश्वोदया लर्निंग सेंटर, रांची के एकेडमिक हेड और एच ओ डी नवेन्दु शेखर मिश्रा की मानें, तो परीक्षार्थियों के लिए ये टिप्स भी हैं बेहद कारगर...

- फिज़िक्स के फॉमूर्ले को अच्छी तरह से याद रखें।
- नये टॉपिक्स और प्रॉब्लम्स की अपेक्षा रिविजन पर ध्यान दें।
- एक ही प्रश्न पर ज्यादा देर तक अटके नहीं।

- परीक्षा से एक रात पहले अच्छी नींद होनी चाहिए और हल्का आहार लेना चाहिए।



**केमेस्ट्री** के एच ओ डी शैलेश रंजन ने भी तीन महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये हैं, इनमें...

- एक्सेप्शन वाले उदाहरण को जरूर याद रखें।
- ऑर्गेनिक केमेस्ट्री के नेम रिएक्शन को ज्यादा ध्यान से देख लें।
- स्ट्रक्चर बेस प्रश्नों को भी ध्यान से बनायें।

- अपने प्रदर्शन को लेकर मानसिक तनाव न लें।
- फोन और सोशल मीडिया से दूरी बनाये रखें। यह परीक्षा के पहले ध्यान के लिए महत्त्वपूर्ण है।



**बायलॉजी** के एचओडी संजीव सिंह ने भी तीन महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये हैं, इनमें...

- बायलॉजी सबसे अधिक स्कोरिंग विषय है, मगर बच्चे आसान समझ कर बहुत निश्चिंत हो जाते हैं। याद रखें, नीट एक युद्ध है, बायलॉजी को हल्के में न लें।
- बायलॉजी के प्रश्नों को सबसे पहले हल करें।
- 90 प्रश्नों को एक घंटे में हल करने का टार्गेट लेकर चलें।

संस्था ने परीक्षार्थियों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी हैं।

---

## भाजपा व्यक्ति विशेष की पार्टी नहीं, कार्यकर्ताओं की पार्टी है : आदित्य प्रसाद साहू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में बैठक रखी गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि राँची लोक सभा प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद संजय सेठ की नामांकन दाखिल दो मई को किया जाएगा। ओरमांझी मण्डल से हजारों कि संख्या में कार्यकर्ता गण नामांकन दाखिल यात्रा में शामिल होंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कार्यकताओं को सम्बोधन कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यक्ति विशेष कि पार्टी नहीं हैं, बल्की कार्यकताओं कि पार्टी है। इस पार्टी में कार्यकर्ता लोभ,लालच, त्याग कर, देश सेवा




भावना से कार्य करता है। नरेंद्र मोदी का पूरा देश परिवार है। उन्होंने जो 10 साल में गरीबों के लिए कार्य किए हैं।भ्रष्टाचार मुक्त शासन रहा है। डिजिटल इंडया के मध्यम से ऊपर से चला हुआ पैसा एक भी नही घिष्टा है। वही कांग्रेस सरकार में ऊपर चला हुआ एक रुपया पच्चीस पैसा बचता था। कांग्रेस सरकार ने 62 वर्षों में घोटाले पर घोटाले एवं तिजौरी भरने का कार्य किया। मोदी ने मुस्लिम समाज के लिए तीन तलाक का कानून लाकर कितने बहन बेटियों के लिए जीवन सुरक्षित किया। जम्मू कश्मीर में एक संविधान दो विधान चलता था उन्होंने 370 धारा खत्म कर जम्मू कश्मीर को अभिन्न अंग बनाया। पत्थर बाजी बम ब्लास्ट सब खत्म हो गया। भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ काम कर रही है।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, पूर्व विधायक सह प्रभारी रामकुमार पाहन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही ओरमांझी मण्डल प्रभारी नशीबलाल महतो, जलेंद्र प्रसाद, पार्षद रश्मि खलखो, प्रमुख अनुपमा देवी, महामंत्री अलखनाथ महतो, दीपा चौरसिया, शशि भूषण कुमार, बालक पाहन, अरविंद बबलू,राजधाम साहू , सुनील कुमार, राजेश गुप्ता ,राजकिशोर, राजनाथ उरांव शशि मेहता समुंदर पाहन, लालू साहू,मुखिया रमेश बेदिया, किरण देवी कविता देवी, मणि देवी लक्ष्मण साहू, रामकिंकर पाहन, रामकुमार मुंडा, राम इकबाल तिवारी, सोनालाल महतो, सोनाराम मुंडा मीना देवी, सत्यनारायण तिवारी, उमाशंकर साहू, बालक महतो, सिकेंद्र महतो,अशेसर लाल गुप्ता, चतुर साहू, भीम मुंडा,कामेश्वर महतो, अमित राज,धनजय महतो, प्रकाश महतो,रामलखन महतो शंकर महतो, आनंद महतो सत्यमराज, अजय साहू, सिकेंद्र महतो, संदीप उरांव, विजय आनंद, किशोर भंडारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

---

## बढ़ा हुआ परीक्षा शुल्क वापस ले विश्वविद्यालय : अभिषेक शुक्ला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने पीजी परीक्षा शुल्क बढ़ोतरी को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराओ किया। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पिछले 5 मार्च छात्र आजसू के विरोध के बाद रांची विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क काम करने का नोटिफिकेशन निकाला गया था लेकिन परीक्षा शुल्क कम होने के जगह बढ़ा दिया गया जो छात्र छात्राओं के हित मे किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है, यह निर्णय गरीब एवं गरीबी रेखा से नीचे तबके के छात्र छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है।

मौके पर मौजूद छात्र आजसू के प्रियांशु शर्मा ने कहा की अगर छात्र हित मे अगर परीक्षा शुल्क कम नहीं किया गया तो छात्र आजसू आंदोलन एवं तालेबंदी करेगी। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा ने कहा की इस मामले पर घमबीरता से विचार करते हुए छात्र हित मे उचित निर्णय लिया जाएगा। घेराव में मुख्य रूप सेः रोहित चौधरी, मनजीत, प्रियांशु, विशाल कुमार यादव, अकाश अनमोल, विशाल कुमार यादव, साहिल अनमोल, सैफ, दानिश, प्रभात के अलावा कोई सदस्य मौजूद थे।

## एक झलक

### विष्णुगढ़ के एक और प्रवासी मजदूर की मुम्बई में मौत

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत की सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है एक एक करके प्रवासी मजदूर मौत के गाल में समाते जा रहे हैं। इसी कड़ी में विष्णुगढ़ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत मुम्बई के पुणें में हो गयी। जानकारी के मुताबिक विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मड़मों निवासी शेखावत अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र अफजल अंसारी की शुक्रवार को दैनिक कार्य के दौरान ऊंची बिल्डिंग से गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो रोककर बुरा हाल है। अफजल अंसारी पिछले कुछ महीने पहले अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए पुणे गया था। अफजल अपने पीछे बुढ़े मां-बाप तथा अपनें पत्नी के साथ-साथ दो छोटे- छोटे बच्चों को छोड़ गया।आपको बता दें कि हमारे झारखंड के हजारीबाग, गिरीडीह, बोकारो जिले के अधिकतर लोग पलायन कर चुके हैं और अधिकतर मजदूर दुसरे राज्यों एवं विदेशों में काम करते हैं और प्रवासी मजदूरों की मौते लगातार हो ही रही हैं।जो एक बडी चिंता का विषय हैं। इस गंभीर समस्या को सुध लेने वाले न कोई सरकार है न ही कोई मंत्री, सांसद और विधायक हैं। सब के सब अपने झोली भरने में लगे हुए हैं।

### भीम आर्मी एकता मिशन ने मनायी डॉ. अंबेडकर की जयंती

**केरेडारी** : भीम आर्मी राष्ट्रीय एकता मिशन ने डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती केक काट कर मनाया। इसके लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि फार्म मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज केरेडारी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव संचालन सादिक अंसारी कार्यक्रम की अध्यक्षता पप्पू कुमार दास ने किया। कार्यक्रम में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। साथ ही बारी बारी से वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर उपस्थित बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी विजय देवा मीडिया प्रभारी बालमुकुंद दास पवन कुमार दास सुरेश राम महेश रंजन अशोक राम विनोद राम पिंटू राम पवन राम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### एक ओर पूंजीवादी प्रत्याशी है, दूसरी ओर आन्दोलनकारी का बेटा : जे. पी. पटेल

**हजारीबाग** : शनिवार को झामुमो हजारीबाग जिला समिति की बैठक नडुअ गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय सचिव सह झामुमो हजारीबाग के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया एवं संचालन पूर्व जिला सचिव सह संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो ने की। जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की यह चुनाव देश के संविधान आरक्षण गरीब मजदूर और किसान को बचाने के लिए है। विदेशों से कला धन लाकर गरीबों को 15 लाख देने समेत अनेकों वादे किए लेकिन उन वादों पर खरा नहीं उतर पाई। आज पूरे देश महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। मोदीजी गरीब का बेटा कहकर प्रधानमंत्री बने और देश की संपत्ति पूंजीपतियों को बेच रहे हैं। एक ओर पूंजीवादी प्रत्याशी है दूसरी ओर आंदोलनकारी का बेटा है। श्री बेदिया ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में बदलाव की लहर है। जय प्रकाश भाई पटेल को गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त हो चुका है और जीत सुनिश्चित है। हजारीबाग जिले हमारा संगठन काफी मजबूत है। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक लाखों की संख्या में कार्यकर्ता सक्रिय है जिसका लाभ महागठबंधन प्रत्यासी जे पी भाई पटेल को मिलेगा। बैठक में हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल, केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, मो इजहार, संजय सिंह, नईम राही,देबीराम हेंब्रम, सुनील शर्मा, रवि सिंह,बिरेंद्र राणा महताब हुसैन, बालकुमार महतो, राजा मोहम्मद,मनोहर राम, लाखन लाल महतो,यासीन खान,आनंद मरांडी मो अख्तर, सुरेंद्र बंडो, सलीम अंसारी, चंदन सिंह अख्तर हाशमी, कमाल कुरैशी,अनन्या मुखर्जी, मोसरफराज, इफ्तेखार अहमद (टिंकू) उज्वल सिंह,तराना परवीन, रेशमी टुडू, कपिलदेव चौधरी, जगदीश चंद्र यादव,कुर्बान अंसारी समेत हजारों की संख्या में बूथ स्तर से जिला स्तर के नेता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व पुलिस अधिक्षक ने किया बरही प्रखंड का दौरा

# मतदान दिवस के दिन वोट करने की अपील की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बरही प्रखंड का दौरा कर विभिन्न बर्नरेबल बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 285 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केवाल एवं 344 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, श्रीनगर का निरिक्षण किया तथा मूलभूत सुविधाओं को ससमय क्रियाशील करने का निर्देश दिया। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रखंड पदाधिकारियों के साथ बिरहोर टोला बारियट्ठा का भी दौरा किया। उन्होंने बिरहोर समुदाय के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। बातचीत के क्रम में उन्होंने सभी से मतदाता पहचान के पत्र के उपलब्धता के बारे जानकारी ली तथा सभी योग्य मतदाताओं को 20 मई यानी मतदान दिवस के दिन वोट करने को प्रेरित किया। उन्होंने बिरहोर बच्चों को टॉफी भी दिया।



- बिरहोर समुदाय के लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं से हुई अवगत व विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण
- मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

### भारत निर्वाचन आयोग ने प्रतिनियुक्त केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षक व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक




**हजारीबाग** : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) ने 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस), तंगीराला मुरलीधर (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एआरओ संतोष कुमार सिंह मौजूद थे। 27 अप्रैल (शनिवार) को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा साथ ही अभ्यर्थीयों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे।

## स्थानीय पुलिस प्रशासन ने रोकी नाबालिग की शादी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड की एक नाबालिग लड़की की शादी होने की सूचना मिलते ही बीडीओ अखिलेश कुमार एवं विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी को रुकवाया गया। जानकारी के मुताबिक चाइल्ड हेल्पलाइन हजारीबाग के पत्रांक सीएचएल/ 38/ हजारीबाग 2024, दिनांक 26 अप्रैल 2024 के द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार विष्णुगढ़ प्रखण्ड की एक नाबालिग लड़की की शादी होने की सूचना बीडीओ अखिलेश कुमार को मिली उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह को दी। स्थानीय प्रशासन के साथ महिला पर्यवेक्षिका वीणा देवी, महेश बरनवाल मामले के सत्यापन को लेकर पुलिस दलबल सहित उसके घर पहुंची। मामले के सत्यापन के पश्चात विष्णुगढ़ प्रखंड निवासी नाबालिग लड़की हेमलता कुमारी (काल्पनिक नाम)की शादी को रुकवाया गया। थाने में नाबालिग बालिका के माता-पिता ने स्वीकार किया कि हमलोग पढ़े-लिखे नही है। जिसके चलते हमें इस कानून की जानकारी नही थी। आगे से हम अपनी पुत्री की शादी बालिग होने अर्थात 18 वर्ष के बाद ही करेंगे। इस घटना के पश्चात बीडीओ अखिलेश कुमार ने इस कानून की जानकारी देते हुए लोगो को चेतावनी देते हुए कहा कि कम उम्र में जोरजबरदस्ती से शादी कराए जाने पर कानूनी तौर पर भी दंड का प्रावधान है। साथ ही कहा कि आप अपने बच्चियों के साथ ऐसा अन्याय ना करें।

### मनीष जायसवाल ने चंदवारा प्रखंड के दो दर्जन गांवों का किया तूफानी दौरा

## लोगों को 01 मई को अपने नामांकन का दिया न्यौता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों गर्म मौसम के साथ राजनीतिक तापमान भी बढ़ने लगा है। इसी बीच सांसद उम्मीदवारों ने भी अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 56 दिनों से क्षेत्र गांवों के दौरे पर हैं। शनिवार को एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गर्म हवा और प्रचंड गर्मी के बीच बरही विधानसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के 09 पंचायतों के करीब दो दर्जन गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को आगामी 01 मई 2024 को अपने नामांकन पत्र दाखिल के अवसर पर हजारीबाग पहुंचने का न्यौता दिया। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत चंदावरा प्रखंड स्थित उरवां जामु खांडरी से किया। यहां पहुंचने पर बरही विधानसभा क्षेत्र और चंदवारा प्रखंड के भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां से बाइक जत्थे के साथ उनका काफिला आगे बढ़ा। उन्होंने उरवां चांदनी चौक, पत्थलगड्डा, मदनगुण्डी, आरागारो, जोंगी नावाडीह, भोंडो, चौराही, बोंगादाह, घुटीटांड़, पिपराही, पुरनथाम, पुरनाडीह, थाम, खांडी, ढाब, गजूरे, चिलोडीह और करोंजिया का दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान कर सेवा का मौका देने का आग्रह किया। इस दौरान सभी गांवों में पूर्व से इंतेजार करते हुए ग्रामीणों का सैलाब उमड़ा और लोगों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया और समर्थन का भरोसा जताया।

## लोक अदालत में कुल 392 मामलों का हुआ निष्पादन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हरेक माह की भांति इस शनिवार को मासिक एवं एक विशेष लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा के देखरेख में और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले आयोजित इस लोक अदालत में कुल 392 मामलों का निष्पादन पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया गया। इस लोक अदालत में कुल 2 करोड़ 66 लाख 51 हजार 623 रुपए पर पक्षकारों के बीच सहमति बनी। इस लोक अदालत में सबसे अधिक बिजली के 284 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 50 लाख 12 हजार 64 रुपए पर सहमति बनी। वहीं चेक बाउंस से संबंधित 81 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें 1 करोड़ 98 लाख 35 हजार 593 रुपए पर सहमति बनी। वहीं सुलहनीय आपराधिक 07 मामलों और बैंक रिकवरी के 18 मामलों का निपटारा भी किया गया। इस लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के तहत दो मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें दावाकताओं को 11 लाख 35 हजार 166 रुपए प्राप्त हुए।

## अब गर्मी में पसीना से तर-बतर नहीं होंगे स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय के बच्चे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हर क्लास रूम और एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग में लाइट और पंखे की व्यवस्था की गई है। इसका उद्घाटन शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित स्कूल कैंपस में प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा और थाना प्रभारी राहुल सिंह ने किया।अपने जीविकोपार्जन के लिए तो सभी लोग काम करते हैं, कुछ लोग अपने शहर में काम करते हैं तो कुछ लोग दूसरे शहर में जाकर काम करते हैं। लेकिन इस काम के बीच ही अगर अपने लोगों को कुछ मदद मिल जाए इस इस उद्देश्य से चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड के कांदगांव पंचायत के नरचाही गांव के रहने वाले शशांक कुमार सिंह ने अपनी सामाजिक दायित्व को निर्वहन करते हुए मयूरहंड प्रखंड स्थित स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय में जहां वर्षों से बच्चे बिना लाइट और पंखे के पढ़ाई करते थे उनके लिए हर क्लास रूम में पंखा और लाइट की व्यवस्था कराई है। सामाजिक संस्था नई रोशनी के माध्यम से पूरे स्कूल कैंपस का वायरिंग कराया गया है, पुरे कैंपस के क्लास रूम और एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग का इलेक्ट्रिफिकेशन काम पूरा कराया गया है। इसके साथ ही सभी क्लास रूम में पंखा और बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



शशांक कुमार सिंह सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और उनकी कंपनी के जेएंडएफ ग्लोबल इंजीनियरिंग कंपनी के माध्यम से यह सामाजिक काम पूरा किया गया है ।इसका उद्घाटन शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित स्कूल कैंपस में प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा और थाना प्रभारी राहुल सिंह ने किया। इस मौके पर नई रोशनी संस्था के सचिव सुनील कुमार सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक रामचंद्र प्रसाद सिंह, आदित्य प्रसाद सिंह, मौलेश्वर सिंह, समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह, अनिल सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

**खुद में आत्मविश्वास बहुत जरूरी है**

**इस** अवसर पर शशांक कुमार सिंह ने स्कूल के बच्चों को अपने अनुभव के बारे मे बताया, उन्होने बताया कि खुद में आत्मविश्वास रखना बहुत जरूरी है। आप ग्रामीण क्षेत्र से पढ़ते हो या शहर के स्कूल से पढ़ाई करते हैं अगर आप में सेल्फ कॉन्फिडेंस बहुत जरेरी है। अभी जो पढ़ाई कर रहे हैं यह शुरूआत की पढ़ाई है, आगे करियर में जाने के लिए स्किल्ड और टेक्निकल होना जरूरी है। स्किल्ड और टेक्निकल होने के लिए दसवीं के साथ ही आप अलग से भी कोई कोर्स कर सकते हैं। जिससे आगे जाकर आपको अपने करियर को चुनने में मदद मिलेगी।

### इंडिया गठबंधन समर्थित दलों के पदाधिकारियों की हुई बैठक

## जय प्रकाश भाई पटेल को जिताने का लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा में प्रचंड जीत के लिए इंडिया गठबंधन के समर्थित दलों ने अपनी सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। शनिवार को हजारीबाग के हीराबाग में सहयोगी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कमिटी की महाबैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। सबने एक स्वर में कहा कि यह हजारीबाग सीट हम सब के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई है। जिस पार्टी ने एक आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित किया है। उसे हराने के लिए पूरी झामुमो टीम तन-मन-धन से एक पैर पे खड़ी है। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल भी शामिल हुए।




इस दौरान उन्होंने उपस्थित झामुमो पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित किया। सभी से साथ और समर्थन की अपील किया।

**कांग्रेस कार्यकारणी की भी हुई बैठक**

**कांग्रेस** प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के समर्थन में हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक भी किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने चुनावी रणनीति बनाई। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, बरही विधायक अकेला यादव, अदीब रिजवी, जयशंकर पाठक, आरसी मेहता, प्रकाश यादव, नीलकंठ महतो, संजीव कुमार, संजय कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, मेहताब हुसैन, बालकुमार महतो, लखनलाल महतो, रजी अहमद, निसार खान, साजिद खान आदि मौजूद आदि सैकड़ों गणमान्य लोग के साथ कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## प्रखंड सभागार में बिरहोर परिवारों को बसाने के लेकर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी** : प्रखंड सभागार में चट्टी बारियातू बिरहोर टोला पगार को सुरक्षित स्थान पर स्थान्तरित करने और चट्टीबरियातू कोल माइंस से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सदर हजारीबाग की अध्यक्षता में की गयी बैठक। बिरहोर टोला पगार को सुरक्षित स्थान पर स्थान्तरित करने और चट्टीबरियातू कोल माइंस से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सबसे पहले बिरहोर टोला से आये बिरहोर को वर्तमान आवास स्थल से अन्यत्र आवासित करने पर विचार विमर्श पश्चात खाता नंबर 436 पर स्थान्तरित करने पर सहमति बनी। उक्त चिन्हित स्थल पर शीध्र हीं बिरहोर आवास, सड़क, विधालय, पुल, पानी की व्यवस्था की जायेगी।बैठक में बिरहोर की समस्या के साथ धुल प्रदूषण, विस्थापन लाभ सहित अन्य मामलों को लाया गया जिस पर नियमानुसार कारवाई का निर्देश एन टी पी सी को दिया गया।

## चौपारण पुलिस की एक और सफलता

### 18 पशु समेत एक तस्कर गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : थाना प्रभारी पशु तस्करों के खिलाफ लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई में लगे हुए हैं। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के लगातार कार्रवाई से अपराध की गति की धीमी हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि रात्रि में पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना दी गयी कि गया (बिहार) की ओर से एक डीसीएम वाहन पंजियन संख्या यूपी-15जीटी-6009 में गौवंशीय पशुओं को कुरता पूर्वक लोडकर तिरपाल से ढंककर तस्करी करने हेतु बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर मेरे द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमे पु०अ०नि० दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, पु०अ०नि० रतन टुड्डू, पु०अ०नि० निलेश कुमार रंजन एवं चौपारण थाना सशस्त्र बल द्वारा त्वरित कार्रवाई हेतु छापामारी दल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर गया (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों का सघन जांच किया जाने लगा। इसी दरम्यान समय करीब 04:00 बजे एक नारंगी रंग का डीसीएम वाहन तिरपाल ढंका हुआ आता हुआ दिखाई दिया। जिसके नजदीक आने पर सूचनानुसार पंजियन संख्या- यूपी-15जीटी-6009 देखकर वाहन चालक को वाहन रोकने का ईशारा किया तो वाहन चालक वाहन को तेजी से चलाते हुए चोरदाहा चेकपोस्ट से भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पकड़ने हेतु पिछा करने पर वाहन का चालक अपना वाहन को साइड में खड़ा करके वाहन से कूदकर भागने ही वाला था कि साथ आये पुलिस बल के जवानों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया।

## पार्सल वाहन में लगी आग, लाखों के सामान जल कर राख, दमकल ने बुझायी आग

### अत्यधिक गर्मी व तेज धूप से आग लगने की संभावना जता रहे ग्रामीण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : थाना क्षेत्र के चतरा रोड के रानीक मोड़ स्थित एक चलती पार्सल गाड़ी में अचानक आग लग गई और ट्रक के अंदर से धुंवा ही धुंवा नजर आने लगा। आग लगते देख वाहन चालक ने गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। देखते ही देखते वहां काफी संख्या में लोग जुटने लगे और इसकी सूचना प्रशासन और दमकल वाहन को दी। वहीं कई लोगों ने अपने मोबाइल निकालकर विडियो भी बनाते दिखे। घटना की सूचना पर आधे घण्टे के अंदर ही दमकल वाहन पहुंचकर आग पर का काबू पाया। लेकिन फिर भी ट्रक में लोड लाखों की सामग्री जलकर राख हो गई। मौके पर चौपारण पुलिस पहुंचकर आग बुझाने में मदद की। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या बीआर 02 जीसी 7695 गया बिहार से पार्सल लोड कर चतरा की ओर जा रहा था। इसी बीच चौपारण के रानीक मोड़ के समीप पार्सल गाड़ी में अचानक आग लग गई। वाहन में आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया पर अनुमान लगाया जा रहा है कि अत्यधिक गर्मी के कारण वाहन में आग लगी हो। पार्सल गाड़ी में कपड़े से लेकर इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित कई तरह कीमती सामान लोड था।

# भीषण गर्मी पड़ते ही सूखने लगे पानी के स्रोत, लोगों में हाहाकार

- चुरचू प्रखंड में नल जल योजना फेल होती दिख रही
- इक्का-दुक्का कुएं पर महिलाओं की लग रही लम्बी कतार

**मनोज कुमार**

**चरही/चुरचू** : प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों चल रही प्रचंड लू ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है. जेठ की दुपहरी अभी बाकी है, जबकि वैशाख महीना अभी शुरू ही हुआ है, लेकिन सूर्य देवता अभी से ही रौद्र रूप में तप रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तापमान इन दिनो लगातार 40 डिग्री पार कर रहा है। आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मियों को छोड़ दें तो सुबह 9 बजे के बाद ही लोग घरों में दुबक जाने को विवश हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में इन दिनों शीतल पेय, नींबू पानी, अमझोरा, सत्तू, आमरस, गन्ने का रस व मौसमी



**पानी व शीतल पेय पदार्थो का सेवन करते रहें**

**चुरचू** प्रखंड चरही उप स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत डॉ. आमिर बताते हैं कि लू से बचने के लिए शरीर में पानी की कमी हो सकती है और डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं। इसलिए लगातार पानी व शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें। खाली पेट धूप में बिलकुल भी न निकले व अगर निकलना आवश्यक हो तो सर पर गमछा का प्रयोग करें और धूप से बचें। ग्लूकोज व अमझोरा का सेवन जरूर करें। फिलहाल प्रखंडवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। फल खीरा, ककड़ी, तरबूज व आम की बिक्री जोरों पर है। लोग लू से बचने के लिए इन पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं। वहीं प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। अधिकतर कुएं भी सूख चुके हैं। जहां इक्का दुक्का कुएं में पानी है वहां महिलाओं की लंबी कतार लग जाती है। नल जल कार्यक्रम भी तकरीबन फेल होता दिख रहा है। मौके पर सारी उप स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल स्टाफ ने कहा धूप से बचने का संदेश पूरे प्रखंड क्षेत्र वासियों को दिया अंजू कुमारी, रजनी गाडी,मिसबहुल हसन, शिखा कुमारी, शोभा कुमारी, रीना मिस, राकेश खालको, रेणु कुमारी, लोकनाथ महतो लू से बचने के उपाय जितना संभव हो सके धूप से बचने का प्रयास करें। यदि जरूरी हो तो धूप में छाता ले कर निकलें। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करें। ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहनें। शराब और कैफीन से बचने की कोशिश करें।

### मतदान के सफल संचालन में पीठासीन पदाधिकारियों की अहम भूमिका, समन्वय के साथ करें काम : डीसी

**बोकारो** : नगर के सेक्टर 02 सी स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सेकेंडरी विद्यालय व सेक्टर 02 डी स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर दूसरे चरण का पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, प्रभारी पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, मीडिया कोषांग के अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार दोनों विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया।

## एक झलक

### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**धनबाद** : धनबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को बोकारो जिले के चास व चंदनकियारी में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से मिलकर समर्थन मांगा है। इस दौरान उन्होंने बोकारो कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रंजीत गिरि ने उन्हें समर्थन का भरोसा दिया और अधिवक्ताओं से अनुपमा सिंह को जीत दिलाने की अपील की। मौके पर अधिवक्ता हरिप्रकाश सिंह, साकेत कुमार सिंह, उदय सिंह, संजय कुमार, आकाश टुडू, सोमनाथ शेखर, अतुल कुमार, विजय कुमार, रामपद गोराई, अमर देव सिंह, दीपिका सिंह, संजीत सिंह, वंशिका सहाय, हसनैन आलम, ओमप्रकाश लाल, ज्योति प्रकाश चौधरी, देवाशिष मंडल, जलेश्वर दास, सृष्टिधर रजवार, रामपद दास आदि मौजूद थे।

### एयरपोर्ट मिशन के लिए राज्य सरकार करे पहल : झा

**बाघमारा (धनबाद)** : बियाडा के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा ने धनबाद में हवाई अड्डा निर्माण के लिए 28 दिसंबर 2023 को नगर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को एक पत्र लिखा था । 25 अप्रैल 2024 को अपर सचिव ने प्रतिउत्तर में कहा है कि नगर विमानन सरकार को धनबाद में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण हेतु कोई भी प्रस्ताव जीएफ नीति के तहत आज तक नहीं दिया गया है। श्री झा ने राज्य सरकार से हवाई अड्डा नीति 2008 के तहत धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने की मांग की है।

### दो गुटों में जम कर हुई मारपीट, दर्जनों लोग हुए घायल

**धनबाद** : जिला के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत बगुला बस्ती में शनिवार की दोपहर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। जिसके बाद दोनों पक्ष से दर्जनों लोग घायल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बगुला बस्ती में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट की घटना हुई। जिसके बाद एक दर्जन लोगों को चोटें आई है। जबकि स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। हालांकि मामले की जानकारी सरायढेला पुलिस को दे दी गई है।

### भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के समर्थन में जदयू ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**धनबाद** : एनडीए गठबंधन की तरफ से धनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के समर्थन में धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने शनिवार को धनबाद कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से एनडीए के समर्थन में मतदान करने की अपील की। यह जनसंपर्क अभियान मुनीडीह, बालूडीह, पुटकी तथा केंदुआ आदि क्षेत्र में सघन रूप से चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, संगठन के नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, युवा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव आदित्य पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय तथा दीपेन प्रमाणिक आदि शामिल थे।

### स्वास्थ्य महिला कर्मी ने की डीसी से गुहार

**झरिया (धनबाद)** : धनबाद सीएचओ रेणु कुमारी ने स्वास्थ केंद्र प्रभारी डॉक्टर पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मामला बलियापुर प्रखंड के ढांगी का हैं। सीएचओ रेणु कुमारी ने सिविल सर्जन और डीसी से ट्रांसफर की गुहार लगाई है। वहीं इस मामले बलियापुर स्वास्थ केंद्र प्रभारी राहुल कुमार ने सीएचओ द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

# बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिये निर्देश

- वल्नरेबल मतदाताओं से वार्ता कर बिना किसी डर, दबाव प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ पर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर 58,59,60 एवं 61 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 71, 368 एवं 369 एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 280 एवं 268 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय



पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओ, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## आग से झुलसीं बच्ची को बर्न के बजाय जनरल वार्ड में रखने की शिकायत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : गोड्डा जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के अंजली कुमारी और मानसी कुमारी एसएनएमएमसीएच धनबाद में आग से झुलसने के कारण भर्ती कराया गया। लेकिन अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे वर्न वार्ड के वजाय जनरल वार्ड में रख दिया। आग से झुलसी दोनो बहनें इस भीषण गर्मी में तड़प रही है। जबकि इस संबंध में गोड्डा के उपायुक्त कार्यालय से फोन कर उचित इलाज की व्यवस्था करने को कहा गया। इसके बावजूद भी दोनों बच्ची को एसी वार्ड में शिफ्ट नहीं कराया गया।

**झाड़ियां में आग लगने के दौरान झुलसीं दोनों बहनें**

**बच्चों** के परिजन ने बताया कि शनिवार की सुबह खेलने के लिए खेत गई थी। खेत में कुछ दिन पहले ही बैगन की फसल कटाई हुई है। बैगन की फसल की कटाई के बाद वहां झाड़ियां थी और उन झाड़ियां पर बच्चियों आग लग रही थी। इसी दौरान आग तेजी से फैल गई और उसकी चपेट में आकर दोनों बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन स्थिति को गंभीर देखते हुए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां लापरवाही का दंश झेल रही है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन की तैयारियों का किया निरीक्षण

# सभी तैयारी ससमय पूरी करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद लोकसभा सीट के लिए 29 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर शुक्रवार 26 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आरओ सेल समेत समाहरणालय परिसर में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारी ससमय पूरी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि समाहरणालय में नामांकन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, पेयजल, पंखे, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था,



लिफ्ट, नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारी पूरी करें। सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे इस पर विशेष ध्यान दें। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने परिसदन भवन में चिन्हित आब्जर्वर कोषांग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ऑब्जर्वर हेतु रुकने की व्यवस्था, कार्यालय, मीटिंग हॉल समेत विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, एनडीसी दीपक दुबे समेत अन्य उपस्थित रहें।

## शालीमार में धूमधाम से मना हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल का वार्षिकोत्सव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार ग्राउंड में शनिवार को नए सत्र के उपलक्ष में एनुअल प्राइज नाइट वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, इसमें विद्यालय के बच्चों ने नृत्य कला और रंगारंग कार्यक्रम कर भाग लिया। हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल के निदेशक मो. इरफान खान ने बताया कि परीक्षा खत्म होने के बाद नए सत्र शुरू होने के बीच में जो समय मिलता है उसमें बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कला संस्कृति में उनकी प्रतिभा को निखरने का मौका दिया जाता है। अतिथि के रूप में आए बीबीएम कॉलेज बलियापुर के फाउंडर प्रिंसिपल डॉक्टर सिद्धार्थ बंदोपाध्याय ने बताया कि शिक्षा अमूल धरोहर है और इसके बिना विकास की कल्पना भी अधूरी है। साथ में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आए जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा जो बच्चे वार्षिक परीक्षा में अपने क्लास में टॉप रैंक लाए थे उन्हें मेडल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। साथ स्कूल के निर्मल शरण सेवा ट्रस्ट के सचिव श्री सुधांशु शेखर ने कहा कि कम फीस में हम लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ उनके अंदर की छुपी प्रतिभा को भी निखरने का प्रयास कर रहे हैं । स्कूल के शिक्षक और शिक्षिका गोपाल राय, म्यूजिक टीचर विजय शंकर उपाध्याय, शफकत फिरदौश, ज्योति सिंह, विनीता, राशि, सिद्धि श्रीवास्तव, फरहत जहां, साबरा परवीन, शना जबी, अर्पिता, तारा, सीमा सुल्तान, जया कुमारी, नंदनी, सीमा शर्मा ,दलजीत कौर, सुनीता सिंह, स्वीटी सिंह ,अभिजीत मोदक ने नृत्य और शो कर रहे बच्चों को उनके परफॉर्मेंस करवाने में मुख्य भूमिका निभायी।

## डीएवी कोयलानागर में अन्तर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित

# प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में वाचन कौशल, आध्यात्मिक विकास व आत्मिक विकास करना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के सभागार कक्ष में शैक्षणिक संवर्धन हेतु अन्तर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने श्रीमद्भागवत, रामायण व वैदिक यज्ञ के मंत्रों का उच्चारण कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह क्षेत्रीय सहायक पदाधिकारी झारखण्ड प्रक्षेत्र-सी के एनएन श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना व छात्राओं में वाचन




कौशल, आध्यात्मिक विकास व आत्मिक विकास करना है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता सोनीपत हरियाणा में रेसलिंग प्रतियोगिता में आकांक्षा कुमारी एवं पुष्पांजलि पाण्डे, ताईकवांडो प्रतियोगिता में रजत गुप्ता तथा स्विंग प्रतियोगिता में आयुष सिंह को स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए तथा नकद पुरस्कार के रूप में 5001 रुपए का चेक पाकर हम सभी को गौरवन्वित करवाया। वहीं दूसरी ओर अन्तर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में विभा कुमारी नालंदा सदन की प्रथम, हर्षिता और मानस वलवी सदन की द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार पांडे ने किया। वहीं निर्णायक भूमिका डॉ. डीके सिन्हा एवं सुमोना ने किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक विष्णु दत मिश्रा, आर के श्रीवास्तव, विश्वजीत मंडल, सुधांशु कुमार दीनबंधु, रोजी रानी, आर आर दास, अभिलाषा कुमारी, सचिन कर्मकार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# धनबाद का विकास चाहिये, तो साफ-स्वच्छ छवि के प्रत्याशी को चुनें : कार्तिक हाड़ी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : देश में लोक सभा चुनाव का पर्व मनाया जा रहा है। धनबाद में चुनाव की तिथि 25 मई है।धनबाद शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार जिला प्रशासन के साथ - साथ कई सामाजिक संस्थाएं भी मतदाताओं को जागरूक करने का भी प्रयास कर रहे हैं ताकि इस बार मतदान प्रतिशत शत प्रतिशत हो। इसी कड़ी में हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धनबाद के मतदाताओं को 25 मई के दिन अपने -अपने बूथों पर जाकर मतदान करने की अपील की है।



संस्था की ओर से यह अपील की गई है कि हरेक मतदाता एक साफ - स्वच्छ छवि के प्रत्याशी का चुनाव करें जिससे की राष्ट्र मजबूत हो सके। धनबाद में आज भी बेरोजगारी चरम पर है। डिग्रियां लेकर भी युवा आज नौकरी के लिए दर -दर भटकने को मजबूर है। धनबाद में एक ऐसे सांसद की आवश्यकता है जो बेरोजगारी दूर कर सके। नौकरी के लिए पलायन रुके. उच्च शिक्षण संस्थान धनबाद में स्थापित हो ताकि उच्च शिक्षा के लिए युवाओं को बाहर दूसरे राज्यों में जाना नही पड़े। स्वास्थ्य व्यवस्था जिले में बेहतर करने की आवश्यकता है। धनबाद व आसपास के जिले के गरीब तबके के लोगों के लिए एसएनएमएमसीएच ही एक मात्र सरकारी अस्पताल है, जहां इलाज की समुचित व्यवस्था नही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य करनेवाले सांसद की आवश्यकता आज इस धनबाद को है।

## जदयू पार्टी का मिलन समारोह श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में आयोजित, दर्जनों लोग हुए शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : कतरास श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में शनिवार को जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र के मतारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पंचानंद रजवार के साथ कई सामाजिक कार्यकताओं ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी । इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। इससे पार्टी मजबूत होगी और लोकसभा चुनाव में एनडीए को लाभ होगा। पार्टी में शामिल होने वालों में पुरन रजवार, मो फिरोज अंसारी रोहन महतो, शक्तिपुर निवासी अशोक कुमार गोप, अमित गोप,उत्तम गोप, बद्री सिंह आदि हैं।

# बढ़ती गर्मी में वॉटर थेरेपी से आनंदित हुए दिव्यांग बच्चे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम स्कूल में शनिवार को एक्टिविटी डे के अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने बढ़ती हुई गर्मी में राहत के लिए स्विमिंग पूल का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों के साथ पहला कदम स्कूल की अध्यक्ष रेनु दुदानी, कोलकाता राउंड टेबल से श्वेता अग्रवाल चेयरपर्सन केकेएलसी 147, अदिति दुदानी चेयरपर्सन सीएमएलसी 132 उपस्थित थे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित वाटर थैरेपी की तारीफ करते हुए कहा कि सामान्य बच्चों के लिए तो इस तरह का आनंद लेते



है पर दिव्यांग बच्चों के लिए अनोखा आनंद होता है। सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि वाटर थेरैपी बच्चों में हाइपर एक्टिविटी को कम करने के साथ साथ गुस्से को कम करती है अपने उम्र के बच्चों के साथ समायोजित होते है साथ ही सेफ्टी स्किल को सीखते है।ठंड के बाद गर्मी में हमारे दिव्यांग बच्चे स्विमिंग पूल का आनंद लेने के लिए बेसब्री से इंतजार करते है जो उन्हें आनंदित करता है। खेल खेल में स्विमिंग पूल वाटर थेरैपी के साथ बच्चों में काफी लाभ होता है। तत्पश्चात बच्चो ने जूस और चिप्स का भी आनंद लिया।

# मिट्टी का अवैध खनन करनेवालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने शनिवार को मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में श्री प्रमाणिक में बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की आज जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है। जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 ए.एन. 8677, लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 09 पी 5657, दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में आज प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## सिविल कोर्ट में न्यायाधीशों ने किया रक्तदान

# वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है : न्यायाधीश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल कोर्ट धनबाद स्थित लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में किया गया ।शिविर में 12 न्यायिक पदाधिकारीयों, आठ अभियोजन पदाधिकारी,लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों, सिविल कोर्ट कर्मचारीयों, अधिवक्ताओं, डालसा के पारा लिगल वोलेंटियर ने कुल 26 यूनिट रक्त का दान किया। सबसे पहले रक्तदान धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने किया। जिसके बाद अवर न्यायाधीश निताशा बरला,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडे,अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश,उनकी पत्नी मिनल प्रकाश, उमेश दीक्षित पुलिस जय कुमार रवानी,सौरव सरकार, अभिजीत कुमार साधु, पंकज कुमार श्रीवास्तव,श्रीचंद प्रसाद, संदीप कुमार, अरूण कुमार, रघुनाथ महतो, सुमन पाठक,शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल,मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान, जयदेव




बनर्जी, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, शमशेर आलम,अनूप कुमार, अशोक कुमार, ने दोपहर बारह बजे तक रक्त दान किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है ।रक्तदान एक महान कार्य है रक्तदान कर आप किसी की जान बचा सकते हैं सामाजिक कार्यों में इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं होता ।वहीं अवर न्यायाधीश नितासा बरला ने कहा कि डालसा मुफ्त कानूनी सहायता के अलावा सामाजिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेती है और इसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। मौके पर अवर न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, एसएनएमसीएच के डॉक्टर बी के पांडे , अशोक शर्मा, संजीव कुमार, राजू महतो,शंभू साहनी विष्णुपद कुंभकार, टेक्निशियन, प्रार्थना गुप्ता, प्रियंका कुमारी, प्रेरणा,पैरा लीगल वोलेंटियर राजेश सिंह, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**कोडरमा** : लोकसभा को चुनाव 20 मई को होना है। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर लोग अपने-अपने स्तर से लगे हुए हैं। इसी कड़ी में सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वर्ग नवम और दशम के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता शिक्षक शंकर कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता में बबली कुमारी, राजवीर, अभिज्ञान कुमार, शैल्वी सिंह, दीपांकित राज, राजा बाबू गौतम, शिवम कुमार, पीयूष कुमार मोदी, स्वास्तिक कुमार, तन्मय सेठ, मोहित राज, सृष्टि मिश्रा, दिव्यंका बक्शी, शिवम कुमार, सचिन कुमार, शौर्य तिवारी, ऋषिका, निशा राज, शौर्य राज और निखिल राज ने हिस्सा लिया।

# लाल आतंक से प्रेम कर अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारती कांग्रेस

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**नक्सलवाद** पर भाजपा शुरू से ही आक्रामक रहती आई है, किंतु दूसरी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार है, उससे लगता है कि कांग्रेस जरूर नक्सलियों से विशेष प्रेम रखती है। इसलिए जब कोई नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारा जाता है तो उसके नेता नक्सली के घर जाकर उसे श्रद्धांजलि देने में भी परहेज नहीं करते। सोचिए; जब देश के कई राज्यों में जिसकी सरकार हो, वह कांग्रेस इस तरह का कृत्य करे या इससे जुड़े नेता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नक्सलियों से मिलते हों अथवा उनके समर्थन में आगे आएं, तब फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि कांग्रेस नक्सलवाद का विरोध करती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर रीजन के कांकेर में मारे गए माओवादी (नक्सली) नेता सिरीपेल्ली सुधाकर उर्फ शंकर राव के घर कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेता और तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में मंत्री अनुसुइया दनसारी उर्फ सीताक्का अभी कुछ दिन पहले ही पहुंची और अब उनका इससे जुड़ा वीडियो भी वायरल है। जबकि यह सर्वविदित है कि नक्सली आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति सुधाकर कई हिंसक घटनाओं में शामिल था और सुरक्षा बलों को उसकी तलाश थी। अब आप ही विचारें; कांग्रेस पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता और एक राज्य तेलंगाना में जो मंत्री भी हो, वह किसी नक्सली के घर जाकर उसके परिवार के सामने संवेदना व्यक्त करे तो उसके इस कृत्य को क्या माना जाए? क्या यह देशभक्ति है या देशद्रोह ? ऐसे में कई लोग आज कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के एक जिम्मेदार नेता का यह आचरण केवल चरमपंथियों, वामपंथियों के कार्यों को महिमामंडित करने और उसे वैध बनाने के काम आता है। साथ ही यह कानून व्यवस्था बनाए रखने के सुरक्षा बलों के प्रयासों को कमजोर करते हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह पहली घटना है, जब किसी नक्सली के प्रति कांग्रेस के नेता द्वारा हमदर्दी जताई गई। वस्तुतः छत्तीसगढ़ के जंगल में सुरक्षाबलों ने चार घंटे तक चली मुठभेड़ में जब 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया जाता है, तब इसके लिए सुरक्षाबलों की पीठ थपथपाने की जगह कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत नक्सलियों को महिमामंडित करने का काम करती दिखती हैं, वह मारे गए नक्सलियों को ह्यशहीदह्न बताती हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की इस पर प्रतिक्रिया भी आई, उन्होंने कहा भी कि ह्ययह वही नक्सली हैं जिन पर 25 लाख का इनाम है लेकिन कांग्रेस कहती है जो शहीद हुए हैं उनकी जांच होनी चाहिए। एक बयान छत्तीगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी खूब चचाओं में रहा, उन्होंने तो हद ही कर दी! कह रहे हैं कि जब से भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है, प्रदेश में फर्जी मुठभेड़ बढ़ गई है। अभी चार महीने में फिर से फर्जी एनकाउंटर में वृद्धि हुई है। नक्सली बताकर वनवासियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के द्वारा उन्हें डराया-धमकाया जाने लगा है। बस्तर और कांकेर जैसे क्षेत्र में ये चल रहा है। इस प्रकार की घटनाओं की वृद्धि हो रही है। विचार करें; क्या इस प्रकार के प्रमुख कांग्रेस नेताओं के बयान से नक्सलियों का मनोबल नहीं बढ़ता होगा? अगले साल छत्तीसगढ़ में झीरम घाटी नरसंहार को 11 साल पूरे हो जाएंगे। इस सबसे बड़े नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रथम पंक्ति के कई नेता मारे गए थे। कई जवान भी बलिदान हुए थे। इस मामले में अब तक की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है । ऐसे में हमले में मारे गए कांग्रेस नेता और बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा के बेटे छविंद्र कर्मा ने कांग्रेस पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने हमले में जीवित बचे कांग्रेसी नेताओं का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि नक्सलियों का ऐसा क्या प्रेम, जो कवासी लखमा बचकर आ जाते हैं। कोंटा से कवासी लखमा विधायक हैं, उनके विधानसभा क्षेत्र से यात्रा निकाल रही थी। ऐसे में उनकी जवाबदारी सुरक्षित यात्रा की थी लेकिन आश्चर्य है कि नक्सली हमला करते हैं और लखमा जी बचके आ जाते हैं, बाकी लोग बलिदान होते हैं। क्यों ! नक्सलियों का ऐसा क्या प्रेम है लखमा जी से। मेरे पिता नहीं रहे। मेरा नुकसान हुआ। मैं अभी भी डंके की चोट पर कहता हूं कि इस हमले में बचकर आए सभी नेताओं का नार्को होना चाहिए। इस नक्सली हमले की ह्दयविरादकता इतनी अधिक थी कि नक्सलियों ने बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को करीब 100 गोलियां मारीं और चाकू से उनका शरीर पूरी तरह छलनी कर दिया था। नक्सलियों ने उनके शव पर चढ़कर डांस भी किया था। इसी प्रकार कांग्रेस से राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन का नक्सली समर्थक बयान सामने आ चुका है। जिस पर पिछले वर्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार करते हुए पूरी की पूरी कांग्रेस पार्टी को ही नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक बताया था। साथ ही कहा कि देश और प्रदेश के विकास को नक्सलियों ने अवरुद्ध किया। शहरों में रहने वाले नक्सलियों के समर्थकों ने विकास को रोका। कांग्रेसियों में नक्सलियों के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर है जोकि देश के लिए बहुत घातक है। दरअसल, सांसद रंजीत रंजन ने कहा था कि सभी नक्सली लोग गलत नहीं होते। बहुत लोगों को गलत तरीके से फायदा उठाया जाता जाता है। बहुत लोग उनके नाम से दुकानें चला रहे होते हैं। वह भी इंसान हैं। हम भी इंसान हैं तो डर कैसा। जो लोग यह पैदा कर रहे हैं वह नहीं चाहते कि शांति बहाल हो। यानी कि एक तरह से सांसद रंजीत रंजन ने नक्सलियों को भोला-भाला इंसान करार दिया था, जोकि कई भोलेभाले आमजन, नेताओं और पुलिस फोर्स, सैनिकों के हत्यारे हैं। यह भी एक तथ्य है कि वर्ष 2018 मे प्रतिबंधित नक्सलियों से साठगांठ के आरोप में गिरफ्तार और नजरबंद तत्कालीन 10 लोगों के पास मिले दस्तावेजों से देश में अस्थिरता फैलाने की बड़ी साजिश का संकेत मिला था। चौंकाने वाली बात यह है कि नक्सलियों की मदद कर रहे शहरी नक्सली इस मामले में कांग्रेस की सहायता मिलने का भी दावा कर रहे थे । भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में गिरफ्तार रोना विल्सन के लैपटॉप में एक बड़े नक्सली नेता की ईमेल मिली।

## छोटी-छोटी बातों पर भी यदि आ जाता है गुस्सा, तो हो जायें सावधान!

**गुस्सा** आना सामान्य बात है। लेकिन, यदि आपको हर छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आ जाता है, तो यह चिन्ता की बात है। यह आपके लिए घातक सिद्ध हो सकता है, क्योंकि जब गुस्सा आता है, तो कई बार हमें ध्यान नहीं रहता है कि हम कहां खड़े हैं और किससे बात कर रहे हैं। गुस्सा हमारे सम्बन्ध खराब कर देता है...बना-बनाया काम बिगाड़ देता है। यदि आप आसान ट्रिक से अपने गुस्से पर काबू पाना चाहते हैं, तो आपको कुछ उपाय करने पड़ेंगे। आइए...बताते हैं, गुस्सा कम करने के उपायों के बारे में...।

गुस्सा कम करने के उपाय...



**गहरी सांस लेना गुस्सा करेगा कम**

**यदि** आपको किसी बात पर गुस्सा आ जाये, तो सबसे पहले गहरी सांस लें। इससे आप रिलैक्स होने लगेंगे। बता दें कि गहरी सांस लेना उत्तेजना, चिन्ता, अवसाद और गुस्से को कम करने का काम करता है। जब भी आपको गुस्सा आये, किसी बात को लेकर पारा चढ़ जाये, तो गहरी सांस लें। इससे आपको उस टॉपिक से ध्यान हटाने में मदद मिलेगी, जिसकी वजह से आपको गुस्सा आया था।

**गाने सुनने से कम हो जायेगा गुस्सा**

**गुस्सा** शांत करने में म्यूजिक बहुत मददगार साबित हो सकता है। जब भी आपको गुस्सा आये, तो गाने सुनना शुरू कर दें। अच्छा संगीत सुनना आपको रिलैक्स करेगा और आपका मन शांत हो जायेगा।


**टहलने से गुस्सा होगा कम**

**जब** भी आपको अचानक गुस्सा आ जाये, तो टहलना शुरू कर दें। इससे गुस्से को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। टहलने से शरीर की मांसपेशियों को आराम मिलता है और आपका मन शांत होने लगता है। ऐसा होने से आप समस्या को समझ पाते हैं और हालात के साथ सामंजस्य बैठाने में मदद मिलती है।

बात पते की

## ...और अपने दोस्त की 16 साल की बेटी को दिल दे बैठे थे जिन्ना!

**मोहम्मद** अली जिन्ना की पाकिस्तान के कायदे आजम के रूप में ख्याति रही है। विभाजन से पहले जिन्ना भारत में बड़ी हस्ती हुआ करते थे। जिन्ना पहले कांग्रेस के नेता थे। फिर मुस्लिम लीग और विभाजन के बाद पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति बने। बताते हैं, जिन्ना की जिद न होती, तो भारत का कभी विभाजन नहीं होता। राजनीति से इतर भी जिन्ना की जिन्दगी से जुड़े दिलचस्प किस्से हैं। जिन्ना की पहली शादी एमी बाई से हुई थी, जो कि रिश्ते में उनकी कजन थी। लेकिन, शादी के एक साल बाद ही एमी बाई का निधन हो गया। करीब 25 सालों तक जिन्ना अकेले रहे। लेकिन, 1914-15 में जिन्ना का 16 साल की पारसी लड़की पर दिल आ गया। अठारह वर्षीय पारसी महिला रतनबाई ने 1918 की शुरूआत में अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध जिन्ना से शादी की। 42 वर्षीय जिन्ना एक आदर्श प्रेमी से बहुत दूर थे। वह न केवल उनके पिता की उम्र के थे, बल्कि एक अलग धर्म से भी थे। सर दिनशॉ पेटिट (रतनबाई के पिता) स्वाभाविक रूप से क्रोधित हो गये थे, जब उनके दोस्त जिन्ना ने उनकी बेटी को प्रपोज किया था। अपनी शादी के एक साल के भीतर, जिन्ना 1919 में मुस्लिम लीग के अध्यक्ष बन गये। इसका मतलब था कि रतनबाई मुस्लिम लीग की सार्वजनिक बैठकों के दौरान राजनीतिक नेता के साथ मंच साझा करेंगी। उनकी पश्चिमी पोशाक अक्सर ऐसी सभाओं में विवाद पैदा कर देती थी। ऐसी ही एक घटना 1924 में ग्लोब सिनेमा, बॉम्बे में मुस्लिम लीग के वार्षिक सत्र में घटी। साद एस खान और सारा एस खान ने अपनी किताब, 'रूटी जिन्नाः द वूमन हू स्टूड डिफिएंट' में लिखा कि कुछ लोगों ने आयोजकों से पूछा कि वह महिला कौन है? जिन्ना के राजनीतिक सचिव एमसी चागला को आपत्तिकताओं को बताना पड़ा कि वह मुस्लिम लीग के अध्यक्ष की पत्नी हैं। इसलिए बेहतर होगा कि वे अपनी राय अपने तक ही सीमित रखें। राजनीति में एक वक्त ऐसा भी आया जब हिन्दू और मुसलमान ; दोनों ने जिन्ना को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। इन सब बातों की वजह से जिन्ना अक्सर निराश और नाराज रहते थे, जिसका असर उनकी शादीशुदा जिन्दगी पर भी पड़ने लगा। रतनबाई और जिन्ना अपनी शादी के कुछ साल बाद अलग हो गये। अहमद ने अपनी किताब में लिखा कि रतनबाई जिन्ना की मृत्यु 1929 में 29 वर्ष की आयु में हो गयी। जब रूटी के शव को कब्र में डाला गया, तो जिन्ना एक बच्चे की तरह रोये।



डीना सिर्फ नौ साल की थीं जब उनकी मां रतनबाई का निधन हो गया। उसे पालने में मदद करने के लिए, जिन्ना ने अपनी बहन फातिमा को बुलाया और तीनों अस्थायी रूप से लंदन चले गये। इन वर्षों के दौरान डीना और जिन्ना एक-दूसरे के करीब आये। हेक्टर बोलिथो की जिन्ना : क्रिएटर ऑफ पाकिस्तान (1954) के अनुसार, ₹तनाव मुक्त वातावरण, भारत की तनावपूर्ण राजनीति से दूर₹ ने पिता और बेटी को एक मधुर रिश्ता बनाने में मदद की।

## सोनम कपूर, कहा : मेरा वजन 32 किलो बढ़ गया था



**बेटे** के जन्म के बाद चिंतित थीं सोनम कपूर बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए सोनम ने भी एक्टिंग में अपना करियर बनाने का फैसला किया। सावंरिया, नीरजा, पैडमैन, रांझना, वीरे दी वेडिंग जैसी फिल्मों में काम करने के बाद प्रेग्नेंसी के कारण सोनम के करियर पर ब्रेक लग गया। लेकिन अब वह वापसी करना चाहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में सोनम ने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर कमेंट किया है। सोनम ने 2022 में बेटे को जन्म दिया लेकिन उसके बाद सदमे में चली गईं। प्रेग्नेंसी के बाद सोनम का वजन 32 किलो बढ़ गया इसलिए सोनम चिंतित थी। सोनम ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने प्रेग्नेंसी के बाद के पीरियड के बारे में कमेंट किया। उन्होंने कहा, ₹मेरा वजन 32 किलो बढ़ गया था। सच कहूं तो मैं शुरू से ही चिंतित थी। आप बच्चे के साथ इतना जुड़ जाते हैं कि व्यायाम, अपने शरीर, उचित आहार को नजरअंदाज कर देते हैं। मुझे इसका भुगतान करने में डेढ़ साल लग गए। सोनम ने कहा, ₹आपके जीवन में सबकुछ बदल जाता है। आपका खुद के साथ रिश्ता बदल जाता है। आपके पति के साथ आपका रिश्ता बदल जाता है। आपका शरीर बदल जाता है। आप कभी भी अपनी बॉडी के बारे में पहले जैसा महसूस नहीं करेंगे। मैंने हमेशा खुद को वैसा ही स्वीकार किया है, जैसी मैं हूं और मैंने सोचा कि मुझे अपना ये वर्जन भी स्वीकार करना चाहिए। इस इंटरव्यू में उन्होंने प्रेग्नेंसी के बाद के पीरियड के बारे में कमेंट किया। उन्होंने कहा, ₹मेरा वजन 32 किलो बढ़ गया था। सच कहूं तो मैं शुरू से ही चिंतित थी। आप बच्चे के साथ इतना जुड़ जाते हैं कि व्यायाम, अपने शरीर, उचित आहार को नजरअंदाज कर देते हैं। मुझे इसका भुगतान करने में डेढ़ साल लग गए। सोनम ने कहा, ₹आपके जीवन में सबकुछ बदल जाता है। आपका खुद के साथ रिश्ता बदल जाता है। आपके पति के साथ आपका रिश्ता बदल जाता है। आपका शरीर बदल जाता है। कुछ समय पहले एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर कहा था। एक्ट्रेस ने कहा था कि इसमें उन्हें 16 महीने लग गए। सोनम का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देख फैंस भी हैरान रह गए।

## शूर्पनखा का माता सीता पर आक्रमण

**जब** वह पंचवटी के वनों में कुटिया बना कर रह रही थी, तब एक दिन वहां रावण की बहन शूर्पनखा का आगमन हुआ। उसने माता सीता के सामने ही श्रीराम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा तथा सीता को भला बुरा कहने लगी, लेकिन माता सीता चुप रहीं। जब श्रीराम व लक्ष्मण ; दोनों ने उसके द्वारा दिये गये विवाह के प्रस्ताव को ठुकरा दिया, तो वह माता सीता पर आक्रमण करने के लिए दौड़ी। यह देख कर लक्ष्मण ने शूर्पनखा पर तलवार से वार किया तथा उसकी नाक व एक कान काट दिया।

**माता सीता का हरण**

**शूर्पनखा** की नाक काटने के कुछ दिनों के पश्चात माता सीता को अपनी कुटिया के बाहर एक स्वर्ण मृग दिखाई पड़ा। वह देख कर उनका मन आनंदित हो उठा तथा उन्होंने श्रीराम से वह मृग उन्हें लाकर देने की हठ की। श्रीराम वह मृग लेने चले गये। लेकिन, कुछ समय के पश्चात उनकी लक्ष्मण-लक्ष्मण चिल्लाने की आवाज आयी। यह देख कर माता सीता भयभीत हो गयीं तथा उन्होंने लक्ष्मण को अपने भाई की रक्षा करने के लिए भेजा। लक्ष्मण ने माता सीता की सुरक्षा के लिए लक्ष्मण रेखा का निर्माण किया तथा उनके वहां आने तक इसे पार ना करने को कहा।

लक्ष्मण के जाने के बाद वहां एक साधु आया और उनसे भिक्षा मांगने लगा। माता सीता ने उन्हें उसी रेखा के उस पार से भिक्षा लेने को कहा, जिस पर वह साधु क्रोधित हो गया तथा उन्हें श्राप देने लगा। श्राप के भय से माता सीता ने लक्ष्मण रेखा को पार कर दिया व साधु को भिक्षा देने लक्ष्मण रेखा से बाहर आ गयीं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** कुछ नई योजनाओं और गतिविधियों को शुरू करने का अनुकूल समय है। आपको अपने प्रयासों और मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलेंगे। | **तुला** कोशिश करें कि आज अधिकतर काम दिन के प्रथम पक्ष में संपन्न हो जाए। धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में रुचि रहेगी। |
| **वृष** किसी भी तरह की उधारी ना करें। इस वजह से संबंध खराब भी हो सकते हैं। किसी के साथ गलत लहजे में वातार्लाप करना आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। | **वृश्चिक** आज का दिन महत्वपूर्ण कार्य को निपटाने के लिए बहुत ही सर्वोत्तम है। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम मिलेंगे। |
| **मिथुन** व्यस्ततम दिनचर्या में से कुछ समय सामाजिक या सोसाइटी संबंधित गतिविधियों में भी अपना योगदान जरूर दे, इससे आपको सुकून मिलेगा और व्यक्तित्व भी निखरेगा। | **धनु** दिन बहुत व्यस्तता पूर्ण रहेगा। आप कड़ी परीक्षा के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार रहेंगे और सफलता भी हासिल करेंगे। |
| **कर्क** इस समय ग्रह स्थिति आज के लिए उचित भाग्य का निर्माण कर रही है। अचानक ही किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो कि फायदेमंद रहेगी। | **मकर** लोन लेने की प्लानिंग है तो इस से संबंधित कार्य होने की संभावना है। किसी विशेष कार्य के प्रति की गई मेहनत के भी बेहतर परिणाम मिलेंगे। |
| **सिंह** कुछ समय अपनी हॉबी के कार्यों में भी जरूर व्यतीत करें, इससे मानसिक और शारीरिक सुकून बना रहेगा। | **कुंभ** आपकी योग्यता लोगों के समक्ष खुलकर सामने आएगी इसलिए लोगों की परवाह ना करके अपने मन मुताबिक कार्यों पर ही ध्यान केंद्रित रखें। |
| **कन्या** घर के रखरखाव संबंधी गतिविधियों को लेकर गंभीर वातार्लाप रहेगा और इसके बेहतर परिणाम भी मिलेंगे। | **मीन** घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह और मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें। उनका आशीर्वाद व सहयोग आपके लिए भाग्योदय दायक रहेगा। |

## एक सच्चे लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आयें हम



राजीव थेपड़ा

**जिसे** अपना वोट देते हैं हम, क्या वह इसके लायक भी है ? दोस्तों ! हम जिसे वोट देते हैं, क्या उसके पिछले जीवन की जानकारी के लिए अपने दस मिनट भी खर्च करते हैं, जिसे हम अपनी, अपने शहर, अपने राज्य व अपने देश की सुरक्षा-प्रशासन और अन्य जिम्मेवारियों को निभाने की बागडोर वह भी महज एक मिनट में, केवल एक ठप्पे में या कहूं कि एक मजाक की तरह सौंप देते हैं... क्या यह लोकतंत्र का मजाक नहीं है....??

यह तो गनीमत है दोस्तों कि पूरी व्यवस्था में अब भी कुछेक इतने-इतने भीषण ईमानदार लोग बचे हुए हैं, जो बेईमानों की राह में चट्टान बन कर खड़े हो जाते हैं...जिनका एक साइन करोड़ों के घपले कर उन्हें भी करोड़पति बना सकता है...वह अपने खकपति रहने को स्वीकार कर देश की व्यवस्था को काफी हद तक सही बनाये रखने की कोशिश करते हैं...वरना, बहुत से लोग अंदर-ही-अंदर देश को पूरा-का-पूरा ही बेच खाये.....!!

हर 05 वर्ष बाद समय हमें यह अवसर देता है कि हम अपने द्वारा की गयी कम से कम उन त्रुटियों को तो सुधारें, जिनके कारण हमारी खुद की स्थिति बद से बदतर हुई चली जाती है ! हम न केवल ऐसे व्यक्तियों का अपने प्रतिनिधि के रूप में चुनाव करें, जो वास्तव में समदर्शी हों, हमारे हितों की रक्षा के लिए कुछ भी करने को व्याकुल हों और सबसे बड़ी बात उसके ह्रदय में देश के प्रति और अपने क्षेत्र की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता की भावना हो। यदि ऐसा कोई उम्मीदवार हमें दिखाई नहीं देता, तो निःसंकोच हमें किसी भी वैसे उम्मीदवार को अपना वोट नहीं देना चाहिए, जो उपरोक्त गुणों से युक्त नहीं हों।

अपने पराये का भेद नहीं करके, इस जाति या उस जाति का भेद नहीं करके, इस धर्म या उस धर्म का भेद नहीं करके, इस प्रकार अपने छोटे-छोटे स्वार्थों को नहीं साधते हुए, हमें केवल और केवल हम सभी के हितों का बराबर ख्याल करनेवाले, अपने क्षेत्र को अच्छी तरह से समझनेवाले, अपने क्षेत्र के सभी प्रकार के लोगों के साथ सामंजस्य रखनेवाले, बिना किसी पक्षपात के लोगों के साथ न्याय करनेवाले, इस प्रकार हमारे एक सच्चे हितैषी व्यक्ति को ही अपना प्रतिनिधि बनने की जिद होनी चाहिए।

फिर, यह केवल हमारे हित का प्रश्न नहीं है। ओवरऑल हर क्षेत्र के नागरिकों का वास्तविक हित भी तो इसी में है कि हमारे प्रत्येक उम्मीदवार सस्ते और कचरे के डिब्बे ना होकर, महंगे और बहुमुखी प्रतिभा के धनी हों और हर एक विषय को समझने में भी समर्थ हों। जब तक हम अपने लिए गलत प्रतिनिधियों को अपनी विधानसभाओं और संसद में भेजते रहेंगे, तब तक हम अपने देश और समाज में किसी भी वास्तविक परिवर्तन की आशा भी नहीं कर सकते और ऐसी आशा करने का हमें कोई अधिकार भी नहीं!

हम तरह-तरह से इस लोकतंत्र में खुद को ठगते हैं दोस्तों!! कोई दारू...कोई भय...कोई किसी अन्य लालच...कोई अनभिज्ञता के कारण...तो कोई पढ़ा-लिखा होने के बावजूद किसी लहर किसी भावना के वशीभूत होकर अपना वोट एक बिलकुल वैसे अनजान व्यक्ति को दे आते हैं...जिसके बारे में हम कदापि नहीं जानते कि वह इस ताकत का क्या करनेवाला है.....!!!

केवल अपने मत का प्रयोग करना ही नहीं, अपितु अपने उस मत का उचित उपयोग करना ही वास्तविक लोकतंत्र की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी है और इस कसौटी पर हमारे उम्मीदवारों से पूर्व हमें खुद को खरा उतारना समय की चुनौती है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का खिताब पानेवाले हम सभी लोगों को अपने लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी होना चाहिए और साथ ही अपने देश के गौरव का भी।

...तो, यदि हम अपने लिए गलत प्रतिनिधियों को चुनना ही छोड़ देंगे, तो अपने आप इस देश को गर्वित करनेवाले लोग आगे बढ़ कर हमारे प्रतिनिधि बनने को उत्सुक होंगे। क्योंकि, जब तक हम गलत प्रतिनिधियों को चुनने की अपनी मंशा जाहिर करते हैं, तब तब हमारे बीच से ऐसे लोग विगलित होते हैं, जो वास्तव में हमारे लिए चिंतित होते हैं...अपने देश के लिए सुचिंतित होते हैं ।...तो, कुल मिला कर हमारे अपने न्यस्त स्वार्थ चाहे जैसे भी हों, किन्तु हमें अपने देश के हितों का विचार सर्वप्रथम रखना चाहिए। देश हमारे लिए सदैव सर्वोपरि होना चाहिए और तब हम देखेंगे कि हम कभी भी निकृष्ट प्रतिनिधियों को चुन ही नहीं पायेंगे। क्योंकि, जब तक हम छोटे-छोटे खानों में बंटे उन छोटे-छोटे खानों के लिए ही टुच्चे प्रतिनिधि ढूंढते रहेंगे, तब तक हमारे स्वयं की डोर उन गुंडों, मवालियों और बाहुबलियों के हाथों में थमी रहेगी, जिनके भय से समाज कांपता है और तब तक यह देश विभिन्न छोटे-छोटे समूहों की आपसी लड़ाई भर बना रहेगा। हमारे देश में कभी कोई वास्तविक सांसद या विधायक बन ही नहीं पायेगा।

...तो, हमारे इस युवा हो चुके लोकतंत्र को चलाने के लिए इस प्रकार के क्षमतावान लोग ही चाहिए, जो व्यापक परिप्रेक्ष्य में विषयों को समझते हुए, इस वर्तमान ग्लोबल विश्व में अपने देश के मान और महत्त्व को जानते हुए, उसे और ऊपर, और ऊपर, और ऊपर उठाने के प्रयासों में अपने आप को झोंक दें। स्वाधीनता के पश्चात ऐसे अवसर कम ही आये हैं, जब हमारी बागडोर ऐसे प्रतिनिधियों के हाथों में आ सकी हो। किन्तु, अब हमें स्वयं के भीतर झांकते हुए सबसे पहले अपने भीतर ही उन विचारों को जन्म देना होगा, जो एक देश को सामूहिक रूप से बदलते हैं...एक देश को सामूहिक रूप से चलाते हैं और छोटे-छोटे समूह ना होकर एक विशाल समुच्च्य बन जाते हैं।

...तो, समय की यह पुकार है कि हम नागरिक के रूप में अपनी नागरिकता को सर्वोच्च मान देते हुए, सबसे पहले अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए उचित लोगों को अपने लिए उचित अवसर प्रदान करें। और साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वाह भी उचितरूपेण करें और हां, यदि आपने गलती से किसी ऐसे व्यक्ति को अपने क्षेत्र से जिता दिया है...जो नकारा....असमर्थ...नाकाबिल और हर तरह से भ्रष्ट साबित हो चुका है, तो क्या ऐसे व्यक्ति को वापस बुलाना अपना अधिकार नहीं.... ? ...तो आईये, अब राईट तो रिकाल का भी निनाद करें.... इस आन्दोलन को अपने जज्बे के साथ-साथ दें...देश को हमारी सच्ची आवाज की और हमारे स्वयं के भी ईमानदार और सच्चे प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है...!!

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक: नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### घाघरा पुलिस ने किया बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद

**गुमला :** घाघरा पुलिस ने गुटवा गांव में गुटवा ग्राम निवासी बुजुर्ग शिवलाल पहान का शव तालाब रूपी जलजमाव स्थल से बरामद कर घाघरा थाना लाया। वही पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु शनिवार को दिन के 9:00 गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मृतक की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि उसके पति शिवलाल पहान विगत बुधवार को रात 8:00 बजे शौचालय करने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। गांव के अगल-बगल में शादी का प्रयोजन था। जहां लगा कि वह चला गया होगा। लेकिन उसके दूसरे दिन भी नहीं लौटने पर काफी खोजबीन की गई। फिर भी उसका कोई पता नहीं चल सका। वही शुक्रवार की शाम 6:30 बजे गांव स्थित पत्थर फोड़ कर बने तालाब रूपी जलजमाव में एक व्यक्ति का शव की सूचना मिली। जिसके बाद उक्त स्थल जाने के बाद देखा तो उसकी पहचान शिवलाल पहान के रूप में हुई। जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा घाघरा थाना को दी गई। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### पेड़ से टकरायी कार बाल-बाल बचे सवार

**मनिका/लातेहार :** मनिका हाई स्कूल के समीप शनिवार सुबह बारात लेकर लौट रही एक कार पेड़ से टकरा गई।गनीमत यह रही की उक्त कार में सवार सभी बाराती सुरक्षित बच गए।घटना की जानकारी मिलने के बाद मनिका थाना प्रभारी जे पी शर्मा तत्काल दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे तथा उक्त कार में सवार सभी बारातियों को दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना किया तथा दुर्घटना ग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया।

### जेपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

**लातेहार :** इंटीग्रेटेड कोचिंग प्रोग्राम के तहत यूपीएससी, बीपीएससी, जेपीएससी और एसएससी आदि की कोचिंग क्लासेस चलायी गयी थी। जिसका जिला प्रशासन, लातेहार एवं हक एजुकेशनल व सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कौशल विकास केंद्र लातेहार एवं सेंट जेवियर्स कॉलेज महुआडांड़ में (सत्र 2021-22) कोचिंग संपन्न किया गया। इसके छात्र पूर्व में यूपीएससी तथा जेपीएससी में अंतिम रूप से चयनित हुए थे। 11वीं जेपीएससी की प्राथमिक परीक्षा में इस संस्था से आठ अभ्यर्थियों ने पीटी एग्जाम क्वालिफाई किया। संस्था के डायरेक्टर एमए हक ने इन अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मुख्य परीक्षा में सभी प्रकार के मटेरियल और मार्गदर्शन एवं अंतिम रूप से चयनित होने के लिए अपना सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। चयनित अभ्यर्थियों में अजय कुमार, सोभनाथ ओड़ाउ, सोनी कुमारी, घनश्याम तूरी, मनोज कुमार, रागीब शमद, आफताब खान व नजीर अहमद खान का नाम शामिल है।

### जेल में बन्द सजायाफ्ता बन्दी से मिले डालसा सचिव

**मेदिनीनगर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव शनिवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सजायाप्ता बन्दी से मिले और उन्होंने कहा कि जो सजायाप्ता बन्दी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए हैं उनको अपील करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बन्दियों को मुक्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बन्दियों का अपील झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल कराया गया है। वही जो बन्दी अपील के लिए रह गए हैं उनका भी अपील उच्च न्यायालय में सरकारी खर्च पर दाखिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को। मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है।इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में बंदी आवेदन भेज सकता है।

---

मासिक लोक अदालत सह विशेष लोक अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन

# वाद निष्पादन का सबसे सरल मार्ग है लोक आदालत : पीडीजे

- 108 चेक का हुआ वितरण
- 21 लाख 17 हजार 337 रुपये का हुआ सेटलमेंट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा मासिक लोक अदालत सह चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित विशेष लोक अदालत एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वादों का निपटारा करना सबसे सुगम मार्ग है। इसमें दोनो पक्षों की हितों की रक्षा होती है। श्री सिंह ने प्रशिक्षित मध्यस्थाओं से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा वादों का निपटारा सुलह सपाटा के माध्यम से हो, यही कोशिश रहे। उन्होनें उपस्थित प्रशिक्षत मध्यस्थ अधिवक्ताओं से अपील किया किया कि वे वैसे दीवानी मामले जिसमे केवल भूमि बटवारा वाद चल रहा है वे पक्षकारो को समझाये की वाद को सुलह के आधार पर समाप्त कर अपने कीमती समय और पैसा को बचा कर आपसी मनमुटाव को दूर कर न्यायालय से खुशी-खुशी घर जाये। श्री सिंह ने उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए लोक अदालत एवं सुलह समझौते के महत्व को बताया। मौके पर जिला एवं उपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजय कुमार दूबे, सीजेएक अब्दूल नसीर एवं जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने उपस्थति लोगों को संबोधित किया एवं लोक आदालत के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में मंच का संचालय जिला विधिक सेवा प्रधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने किया। मौके उपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शशि भूषण शर्मा, एसडीजेएम मिथलेश कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी राहुल कुमार सहित बार एसोसिएशन के अधिवक्ता, मध्यस्थ अधिवक्ता, एलएडीसी के अधिवक्ता, जिला के पीएलवी, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण सहित सैकडों लोग मौजूद थे।




**108 चेक का हुआ वितरण**

**विशेष** लोक अदालत में 108 लाभुकों के बीच चेक का बितरण किया गया। यह चेक चीटफंड कंपनी के द्वारा लागों को दिलाये गये साथ ही 20 प्री लिटिगेंट मामलों का निष्पादन किया गया।

**21 लाख 17 हजार 337 रुपये का हुआ सेटलमेंट**

इस विशेष लोक अदालत में कुल 21 लाख 17 हजार 337 रुपए का सेटलमेंट हुआ। इसमें चेक बाउंस से मामले में 10 लाख 65 हजार 235 रुपए, सुलहनीय क्रिमिनल मामलों में 57 हजार पांच सौ, बिजली संबंधित मामलों में 2 लाख 82 हजार 520 रुपए एवं उपभोक्ता मामलों में 7 लाख 12 हजार 82 रुपए का सेटलमेंट कराया गया।

---

## घाघरा बीडीओ ने प्रखंड के कई मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड के कई मतदान केन्द्रों का शनिवार को दिन निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने महुगांव, इचा, बुरजू, हपामुनी, सांसों, सरजामा, कोटामाटी, लेहा, माइल, जमगाई, लफसर, रन्हे विद्यालयों में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। वहीं उपस्थित शिक्षकों से मूलभूत सुविधा पेयजल शौचालय बिजली फर्नीचर से संबंधित जानकारी ली। वही कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मी और शिक्षकों को दिया। उसके साथ ही मूलभूत सुविधाओं को बेहतर रखना का निर्देश भी दिया। ताकि मतदान कर्मियों और मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदाता बूथ केंद्र में मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली। इसके साथी मतदाताओं को मिलने वाली पर्ची वितरण से संबंधित भी जानकारी लिया। मौके पर कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल, शिक्षक विजय कुमार साहू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

---

बिल्डिंग मैटेरियल्स सड़क पर गिराने के खिलाफ अभियान जारी

## पांच को नोटिस, एक पर लगा जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे गिराए गए बिल्डिंग मैटेरियल्स के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में शनिवार को नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संजीव कुमार एवं कर संग्रहकर्ता राजू प्रसाद द्वारा लक्ष्मी भंडार स्थित केशवर अहरा रोड़ के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम के द्वारा पांच लोगों को नोटिस थमाया गया है, जबकि एक व्यक्ति मनोज प्रसाद पर जुमार्ना लगाया गया है। इस अवसर पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई अभी एक हफ्ते तक लगातार जारी रहेगा। हम शहरी क्षेत्र के जनता से अपील करते हैं की वह जल्द से जल्द सड़क किनारे बालू, ईट या छरी गिराए हुए हैं तो उसे हटां ले, नहीं तो टीम के द्वारा पकडे जाने पर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बिल्डिंग मैटेरियल्स गिराने से आम लोगों को आने जाने परेशानी होती है और दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है।

---

## मनिका में बर्ड फ्लू को लेकर चौकसी, जांच के लिए लिया नमूना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका/लातेहार :** राजधानी रांची में मिले बर्ड फ्लू के मामले के बाद जिला प्रशासन सतर्क हो गया। जिला प्रशासन से मिले निर्देश के आलोक में शनिवार को मनिका में पशुपालन विभाग में कार्यरत भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नरेश साहू अपने सहयोगी बीरेंद्र कुजूर के साथ प्रखंड के अंतर्गत चलने वाले विभिन्न पोल्ट्री फार्म हाउस में जाकर वहां पल रहे मुर्गे की बर्ड फ्लू से संबंधित जांच के लिए नमूना लिया।बर्ड फ्लू के नमूना लेने के दौरान डॉक्टर नरेश साहू व उनके सहयोगी बीरेंद्र कुजूर पूरी सतर्कता के साथ पीपी कीट पहन कर,हांथ में ग्लब्स लगाकर तथा मास्क लगाकर नमूना ले रहे थे। जांच के लिए लिए गए नमूने के बारे में डॉक्टर साहू ने बताया की इस लिए गए नमूने को वे जिला में भेजेंगे जहां से इसे रांची लैब में भेजा जाएगा जहां से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की करवाई की जाएगी। बिना लाइसेंस के पोल्ट्री फार्म तथा बूचड़ खाना चलाया जा सकता है के सवाल पर डॉक्टर नरेश साहू ने कहा कि वैसे तो हाई कोर्ट के आदेशानुसार बिना लाइसेंस के इनका संचालन नहीं किया जा सकता है पर हमलोग के पास विभागीय स्तर पर इस संबंध में कोई भी चिट्ठी प्राप्त नहीं है।



---

## पलामू में नक्सली सहित दो गिरफ्तार, हथियार बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के ईनामी नक्सली नितेश यादव के दस्ते के सदस्य राजेन्द्र भुइयां को चार भरठुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया। राजेन्द्र के साथ विष्णु विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। विष्णु हथियारों की मरम्मत करता था। उसके घर से हथियार बनाने के कई सामान बरामद किये गये हैं। राजेन्द्र हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नासो जमालपुर जबकि विष्णु इसी थाना क्षेत्र के जीतामाटी सलैया टिकर का रहने वाला है। एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार को बताया कि राजेन्द्र भुइयां दो वर्षों से माओवादी नितेश यादव के दस्ते में शामिल रहा था। वर्तमान में कहीं दूसरी जगह पहचान छिपाकर रह रहा था। वह घर आया हुआ था। इस बीच गुप्त सूचना पर हुसैनाबाद के डीएसपी मुकेश कुमार महतो और सीआरपीएफ 112वीं बटालियन के साथ कार्रवाई की गयी। छापेमारी के दौरान चार भरठुआ बंदूक, दो बैरल, लोहे की पाइप, बारूद एवं भरठुआ बंदूक में भरने वाला मसाला, छर्रा, बैरिंग, बंदूक में इस्तेमाल होने वाला घोड़ा एवं अन्य पुर्जे बरामद हुए। बंदूक राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव भुइयां, उपेन्द्र भुइयां नासो जमालपुर एवं राजेश कुमार रवि बैरियाडीह के घर से बरामद हुआ। हथियार बनाने के सामान विष्णु विश्वकर्मा के घर से मिले। एसपी ने बताया कि माओवादी नितेश के साथ मिलकर राजेन्द्र लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने की तैयारी में था। इसके लिए हथियार भी रखे हुए था। इस संबंध में राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव, रामचन्द्र, विनोद, उपेन्द्र, सुरेन्द्र भुइयां सभी नासो जमालपुर राजेश बैरियाडीह, ललन राम माहुर भवरी मोहम्मदगंज, नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम जी, सीताराम रजवार उर्फ रमन जी एवं विष्णु विश्वकर्मा सभी जीतामाटी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।



---

## छूट की घोषणा के बाद नगरपालिका कार्यालय में होल्डिंग टैक्स जमा करनेवालों की लगी लाइन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत ने आगामी 30 जून से पहले तक वित्तीय वर्ष 2024 -25 का होल्डिंग टैक्स जमा करने पर अधिकतम 15 प्रतिशत छूट की घोषणा के बाद नगर पंचायत कार्यालय में होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों की लाईन लग गयी है। नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने बताया कि अबतक नगर पंचायत के द्वारा करदाताओं को एक लाख 82 हजार रुपए की छूट दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इसमें सभी करदाताओं को पांच प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अगर होल्डिंग टैक्स में महिला या वरिष्ठ नागरिक का नाम है तो उन्हें पांच प्रतिशत इसके अलावा स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत, आर्मी, ट्रांसजेंडर या विकलांग होने पर पांच प्रतिशत, ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स जमा करने पर पांच प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यह छूट केवल आवासीय परिसरों पर लागू होगी।श्री वर्मा ने आगे बताया कि 30 जून के बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह 1 प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के लोगों को यदि टैक्स (होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस एवं जल-कर) भुगतान करने में कोई परेशानी हो रही है तो स्पैरो के टीम लीडर आदित्य कुमार (9905900425) एवं टैक्स कलेक्टर बिरसा उरांव (7004793011) से संपर्क कर अपने टैक्स का भुगतान कर सकते हैं।



---

## देवघर की टीम ने 70 रन से लोहरदगा टीम को क्वार्टर फाइनल मैच हराया, सेमीफाइनल में पहुंचा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वाटर फाइनल मुकाबले में देवघर ने लोहरदगा को 70 रनो से पराजित कर राज्य स्तरीय मुकाबले के सेमीफाइनल में आपकी जगह पक्की कर ली। शनिवार को जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये नॉकआउट मैच में देवघर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 50ओवरो में 9विकेट के नुकसान पर 251रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रतिक कुमार ने सर्वाधिक 85रनो की पारी खेली। यश सिन्हा ने 61व कुमार शोभित ने 41रनों का अहम योगदान दिया। लोहरदगा की ओर से पवन शौर्य ने 7ओवरो में 32रन देकर चार विकेट अर्जित किये। चैतन्य व आयुष को एक -एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोहरदगा ने बेहतर शुरूआत की और मैच के रोमांच को कायम रखा। बाद में टीम लड़खड़ा गई और पूरी टीम 38.3 ओवरो में 181 सिमट गई। टीम की ओर से मनीष कुमार ने 50, चैतन्य 40, देवदीप 28व नितिन बखला ने 24रनो की पारी खेली।

---

## इनामी टॉप माओवादी राजेंद्र भुइयां गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू हुसैनाबाद के राजेंद्र भुइयां महुदंड इलाके का रहना वाला है। राजेंद्र 10 लाख रुपये के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव का बेहद करीबी है और उसके दस्ते का अहम सदस्य है। कुछ महीने पहले पलामू के हुसैनाबाद इलाके में लेवी के लिए एक मोबाइल टावर में आगजनी की घटना हुई थी।इस घटना को अंजाम देने का आरोप राजेंद्र पर है। राजेंद्र भुइयां अन्य नक्सली हमलों का भी आरोपी है।

लोकसभा चुनाव से पहले प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी को बड़ा झटका लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस और सुरक्षा बलों ने शीर्ष माओवादी कमांडर राजेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली कमांडर के पास से चार हथियार भी बरामद किये गये हैं। जानकारी के मुताबिक, राजेंद्र भुइयां को शनिवार की अहले सुबह गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली थी कि राजेंद्र लोकसभा चुनाव के दौरान किसी घटना को अंजाम दे सकता है। यह भी जानकारी मिली थी कि वह लगातार अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। यह सर्च ऑपरेशन पलामू के हुसैनाबाद, छतरपुर, पांडु और हैदरनगर के सीमावर्ती इलाकों में चलाया जा रहा था। सर्च अभियान के दौरान माओवादी राजेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस और सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी राजेंद्र भुइयां से पूछताछ कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस अधिकारी भी राजेंद्र भुइयां की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। राजेंद्र भुइयां पर कई नक्सली घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है।



---

## पान दुकान से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने का भंडाफोड़

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध रूप से शराब विक्रेताओं के प्रति लगातार छापामारी जारी है वही पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार पलामू पुलिस को बहुत बड़ी अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने दो शराब तस्कर रोहित कुमार सिंह और उपेन्द्र कुमार को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसपी रिष्मा रमेशन ने जानकारी देते हुए कहा है कि पलामू पुलिस को मिली गुप्त सुचना प्राप्त के आधार पर सगालिम बस स्टैन्ड के पास रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भण्डारण कर बिक्री किया जा रहा है। इसकी सुचना वरिय पदाधिकारी को दिया गया। वरिय पदाधिकारी के आदेशानुसार एक छापेमारी दल का गठन किया गया एवं छापामारी दल के साथ सगालीम बस स्टैन्ड स्थित रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में विधिवत किंगफिशर कंपनी का 650ML वाला बीयर बोतल 19 पीस, गॉड फादर कंपनी का 650ML वाला बीयर का बोतल 12 पीस सहीत इ7 स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 750 ML वाला शराब का बोतल- 02 पीस (4) पीस छापामारी किया गया तो उक्त दोनों दुकानों से भारी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया, जिसे विधिवत जप्ति सुची बनाकर जप्त किया गया।



---

व्यवहार न्यायालय गुमला में मासिक सह विशेष लोक अदालत आयोजित

# 228 मामलों का निष्पादन व 4502431-/ रुपये राजस्व की हुई प्राप्ति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय, गुमला, में मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला निर्मला बरला, स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप एवं अन्य अधिवक्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सचिव निर्मला बरला ने कहा कि आज विशेष रूप से मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जो की विशेष रूप से चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आयोजित किया गया है । प्रत्येक माह व्यवहार न्यायालय गुमला में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें सुलहनीय मामले, दीवानी वाद, बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, उत्पाद, वन विभाग , मोटर दुर्घटना , पारिवारिक मामले तथा नापतोल विभाग के मामले, का निष्पादन मासिक लोक अदालत के दिन ही हो जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय तथा पैसे की भी बचत होती है और साथ ही साथ आपसी संबंध भी मधुर बना रहता है। साथ ही सचिव महोदय ने उपस्थित वाद कर्मियों से अनुरोध किया कि आप लोग लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं, और अपने मामले का निष्पादन लोक अदालत में करायें। शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत, गुमला, ने कहा कि पक्षकार तथा लोग अपने सुलहनीए वाद तथा इंश्योरेंस, एवं जन उपयोगी मामले, बैंक से संबंधित मामलो के त्वरित निष्पादन के लिए आगे आएं तथा अपने बहुमूल्य समय तथा पैसे का बचत करें। मासिक सह विशेष लोक अदालत में कुल 9 बैंचों का गठन किया गया। जिसमें कूल 228 मामलों का निष्पादन किया गया जिसमें कूल 4502431-/ रूपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। जिसमें विशेष लोक अदालत के तहत चेक बाउंस से संबंधित कूल 12 मामलों का निष्पादन हुआ ,एवं 5,84000 राजस्व की प्राप्ति हुई तथा बिजली से संबंधित मामले में कूल 176 मामलों का निष्पादन हुआ तथा कुल 17,75,405/-रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव निर्मला बरला, शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत के सदस्य, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, अधिवक्ता राजेंद्र साहू, अरुण कुमार, सहायक प्रकाश कुमार, अरविंद कुमार चौधरी आशा पूनम, मनीष कुमार, आदि, उपस्थित थे।




## लोक अदालत में 146 मामले का निस्तारण

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व बिधुत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है इसमे 146 मामले का निस्तारण किया गया। व नव लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था।

## एक झलक

### घर में सो रहे व्यक्ति की गोली मार कर हत्या

**दुमका :** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जोकेला गांव में हमलावरों ने शुक्रवार की रात बरामदे में सोए नीलकंठ यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। थाना प्रभारी नीरंजन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### कार से 4.33 लाख रुपये बरामद

**साहिबगंज :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन ने राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया है। इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर वाहनों की जांच के दौरान एक गाड़ी से 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए गए। जांच के दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली। इससे पुलिस ने 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं। चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक अग्रिम कार्रवाई कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गाड़ी से बरामद रुपये की जांच की जा रही है। सीमेंट व्यवसायी ने भी व्यवसाय से जुड़ी राशि होने की बात बताई है। मौके पर राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे।

### राम मड़ैया में की गयी डीप बोरिंग बस्तीवासियों को सुपुर्द

**आदित्यपुर।** समूचे आदित्यपुर में पेयजल की घोर किल्लत है। वार्ड 18 के राम मड़ैया बस्ती में लोग पानी की बूंद बूंद को तरस रहे थे। बस्ती की करीब 150 परिवारों को पानी की किल्लत दूर करने के लिए यहां एक तत्काल डीप बोरिंग कराया गया गया है जिसे शनिवार को पूजा अर्चना के साथ पूर्व पार्षद रंजन सिंह ने बस्तीवासियों को सुपुर्द किया है। उन्होंने बस्तीवासियों को जल ही जीवन है का मूलमंत्र देते हुए पानी की बबार्दी नहीं करने की अपील की। उन्होंने बताया कि पानी की विकराल समस्या को देखते हुए पिछले दिनों आदित्यपुर वार्ड संख्या 18 स्थित राम मड़ैया बस्ती में एक डीप बोरिंग करवाया गया था जिसे आज विधिवत पूजन के बाद लोगों को समर्पित कर दिया गया है। इससे बस्तीवासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। बस्ती के लोग खरकई नदी में नहाने धोने को मजबूर थे।

### बिजली से जुड़े 77 व चेक बाउंस के 5 मामलों का हुआ निष्पादन

**चाईबासा :** झालसा रांची एवं व्यवहार न्यायालय चाईबासा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विश्वनाथ शुक्ला के निर्देश पर सिविल कोर्ट चाईबासा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बिजली एवं एनआईएक्ट (चैक बाउंस) से संबंधित वादों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आज चेक बाउंस व बिजली से संबंधित कुल 82 मामलों का निपटारा हुआ। उन्होंने बताया कि बिजली से संबंधित 77 मामलों का निष्पादन कर 6,08,000 l00 का समायोजन किया गया। एनआई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित पांच मामलों का निष्पादन कर 4,45,000 रुपए का समायोजन हुआ।

## स्वीप गतिविधियों के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

# वृक्ष हमें देते जीवनदान, मतदान से करे राष्ट्र निर्माण : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने और स्वीप गतिविधियों से आम जनमानस को जोड़ने के उद्देश्य से वृक्षारोपन कार्यक्रम का आयोजन सरस कुंज परिसर में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सरस कुंज के परिसर में विभिन्न फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण हेतु मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सरकारी, गैरसरकारी, शैक्षणिक व स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी का आभार व्यक्त किया। आगे उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि स्वीप गतिविधियों के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप मतदाताओं को जागरूक करते हुए निर्वाचन गतिविधियों से जोड़ा सके। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गई कि वैसे व्यक्ति जिन्होंने 01 अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष पूर्ण कर लिए या वे मतदाता सूची में नाम अवश्य दर्ज करा लें। इसके लिए जिले में 10 अप्रैल से 04 मई तक विशेष कैम्प चल रहा है। अपने मतदान केंद्र पर पहुंच फॉर्म 06 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं, ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ा जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से अपील किया है कि अपना या अपने परिजनों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराते हुए 01 जून को अपने घरों से निकलकर बूथ पर मतदान करें। जिला प्रशासन द्वारा उपस्थित सभी लोगों को आज के दिन अपने-अपने घरों में एक पेड़




लगाने के लिए पौधा प्रदान किया गया है, ताकि लोकसभा आम चुनाव, 2024 में शत प्रतिशत मतदान के साथ पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन का संकल्प ले। आज जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) के खतरे को समझते हुए हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण के लिए सामुहिक प्रयास करने की आवश्यकता हैं। आज के समय में क्लाइमेट चेंज का दुष्प्रभाव हम सभी देख रहे हैं, बढ़ती गर्मी, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, तापीय प्रदूषण, जलवायु बदलाव और ग्लोबल वार्मिंग जैसे बढ़ते खतरे को भी पेड़ लगाकर कम किया जा सकता हैं। ऐसे में आवश्यकता है कि सामुहिक प्रयास से आने वाली पीढ़ी को मजबूत लोकतंत्र के साथ बेहतर पर्यावरण दें। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को एक वृक्ष लगाने के साथ एक फलदार पौधा अपने घर में ले जाकर लगाने के लिए प्रदान किया गया, ताकि एक जागरूक मतदाता की तरह मजबूत लोकतंत्र और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित कर सके। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान सरस कुंज परिसर में 130 फलदार पौधे लगाए गए और लगभग 600 से अधिक फलदार पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, देवघर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, वन विभाग के अधिकारी सभी सरकारी व गैरसकारी संस्थान, इफको, एम्स, एयरपोर्ट, चितरा कोलियरी, आईओसीएल, मेधा डेयरी के प्रतिनिधि एवं जेएसएलपीएस की दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधि, दीपसर कॉलेज के शिक्षक एवं विद्यार्थी, सरस कुंज के दिव्यांग बच्चे आदि उपस्थित थे।

### भाकपा माले को खटक रहा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिल रहा आरक्षण : रमेश सिंह

**कोडरमा :** वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि भाकपा माले को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिल रहा 10 प्रतिशत आरक्षण खटक रहा है भाकपा माले अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान भी यह दावा कर रही है कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को मिल रहा 10 प्रतिशत आरक्षण समाप्त किया जाएगो भाकपा माले के इस रुख से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और विशेषकर गरीब सवर्णों में जबरदस्त आक्रोश है और माले को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। रमेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की पहल पर आजादी के बाद पहली बार अबतक किसी भी प्रकार के आरक्षण या संरक्षण से वंचित गरीब सवर्णो सहित आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना शुरू हुओ इस प्रावधान के बाद ही गरीब सवर्णो के बच्चों को अच्छे शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश मिल सका, सरकारी नौकरियों में भी इस प्रावधान का लाभ मिला।

## सीबीएसई का शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**घाटशिला :** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में सीबीएसई के द्वारा उत्कृष्टता केंद्र पटना की ओर से आयोजित दो दिवसीय क्षमता आंकलन और मूल्यांकन प्रथाओं को मजबूत करने पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षाविद्, बाल्डविन स्कूल कदमा की प्राचार्या जेएसएससी, सीबीएसई की अध्यक्ष तथा बिहार और झारखंड में विज्ञान विषय की विशेषज्ञ डॉ. सुभोश्री सरकार तथा वाइस प्रिंसिपल, एनएमएल केरला पब्लिक स्कूल एग्रीकॉ जमशेदपुर, रजनी शर्मा संसाधक के रूप में उपस्थित थी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन की शुरूआत पूर्व के मुख्य बिंदुओं की पुनरावृत्ति



कर की गई। इसके उपरांत सब्जेक्ट एनरिचमेंट एवं उसके उद्देश्य के बारे में बताकर सभी विषयों के शिक्षकों से गतिविधि द्वारा विषय संवर्धन का प्रारूप तैयार करवाया गया। ब्लूम टैक्सॉनमी को भी सचित्र बताया गया। आंकलन और मूल्यांकन में अंतर बताते हुए असेसमेंट को ह्वइंक्रीज द क्वालिटी और इवेलुएशन को जज द क्वालिटी बताया। योग्यता आधारित शिक्षा टीचर एनजीजेंड रिसोर्स मैन्युअल ( टीईआरएम ) सभी विषयों के लर्निंग स्टैंडर्ड फ्रेमवर्क पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। दोनों रिसोर्स पर्सन ने अपने विद्यार्थियों को जाने (नो योर स्टूडेंट) एवं अपने विषय को वास्तविक जीवन से जोड़ने पर विशेष बल दिया। इनके द्वारा कक्षा दसवीं के अनिवार्य, वैकल्पिक, कौशल आधारित, अतिरिक्त विषयों, कक्षा छठीं से ग्यारहवीं तक के कौशल आधारित विषयों एवं उनके अंकों पर भी प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत सह-शैक्षिक गतिविधि, कला एकीकृत शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा के महत्व, उद्देश्य एवं उनके ग्रेड निर्धारण के नियमों को भी साझा किया गया। अंत में कक्षा नौवीं एवं दसवीं के रिपोर्ट कार्ड के अंतर स्पष्ट करते हुए दसवीं के रिपोर्ट कार्ड के ग्रेड एवं आधार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र निष्ठा सीबीएसई ऑनलाइन प्रोग्राम एवं अन्य प्रशिक्षण लिंक की भी जानकारी दी गई।

## 10 मई से मिलेगा इंटर का नामांकन फॉर्म

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला कॉलेज में इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु 10 मई से नामांकन का प्रोस्पेक्टस मिलेगा। विद्यार्थी नामांकन को लेकर अपना नामांकन फॉर्म प्राप्त कर 20 मई तक कॉलेज आकर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त आवेदन का मेरिट लिस्ट लोकसभा चुनाव के बाद 30 मई को प्रकाशित किया जाएगा तथा उसी दिन से नामांकन भी लिया जाएगा। नामांकन को लेकर प्राचार्य डॉ आरके चौधरी के साथ इंटरमीडिएट के कर्मचारियों की बैठक हुई। बैठक में झारखंड एकेडमिक काउंसिल



(जैक) द्वारा पूर्व निर्धारित सभी संकायों में सीटों की कटौती पर चर्चा हुई। जैक से प्राप्त पत्र के अनुसार प्रत्येक संकाय में मात्र 384 नामांकन ही लेना है। इस संदर्भ में निर्णय लिया गया की तत्काल 384 सीटों पर ही आरक्षण के नियमों का अनुपालन करते हुए नामांकन लिया जाएगा। सीट की बढ़ोतरी होने पर आवेदन की तिथि को विस्तारित किया जाएगा। बैठक में प्राचार्य डॉ चौधरी के साथ अर्थपाल प्रो। इंदल पासवान, लेखपाल चंदना मुखर्जी, नामांकन सहायक गुना राम मुर्मू, रघुनाथ मुर्मू , संजय मार्डी, सूर्यदेव टुडू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जी. एस. पब्लिक स्कूल के बारहवीं के छात्र चिराग ने जेईई मेंस की परीक्षा में मारी बाजी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा(डोमचांच) :** जी.एस. पब्लिक स्कूल के बारहवीं के छात्र चिराग कपूर ने जे.ई.ई. मेंस की प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल अंक लाकर दूसरे चरण के एडवांस परीक्षा में प्रवेश किया। इस मौके पर चिराग के माता-पिता व विद्यालय परिवार में खुशियों की लहर है बतादें की यह परीक्षा बेहद ही मुश्किल भरा होता है। विद्यालय प्रांगण में सभी शिक्षकों ने सम्मिलित रूप से छात्र चिराग को इस अवसर पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया व ढेरों बधाई दी।मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने चिराग को शुभकामनाएं देते हुए आगे और मेहनत व लगन से कामयाबी की ओर बढ़ने की बात कही साथ ही साथ उन्होंने सभी बच्चों को चिराग से प्रेरणा लेने को भी कहा कि अगर बच्चे सच्चे लगन से मेहनत करें तो कोई भी किसी भी परीक्षा में वें सफल हो सकते है। इस परीक्षा में पास होने पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का दिन हैं।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से की प्रेस वार्ता

## मतदान केन्द्रों पर सभी प्रकार की सुविधा होगी बहाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर 26.4.2024 को अधिसूचना जारी कर दी गई और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और 3 मई तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि 6 मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर



सभी तरह की सुविधा बहाल की जाएगी और गर्मी को देखते हुए सभी बूथों पर शेड की व्यवस्था के साथ-साथ सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं यथा पानी बिजली शौचालय रैंप इत्यादि उपलब्ध रहेगी। इस बार जिले में कई मतदान केंद्र थीम पर आधारित रहेंगे, जिसमें जिले के पर्यटन क्षेत्रो से जुड़ी जानकारियां मौजूद रहेगी। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के तहत अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही है और चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के दिव्यांगजन और वृद्ध जनों के लिए मतदान केंद्रों तक आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाएगी।

## एएल राव ने संभाला टाटानगर स्टेशन निदेशक का पदभार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन के नए निदेशक एएलराव ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान स्टेशन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। शुक्रवार को एएल राव चक्रधरपुर से उत्कल एक्सप्रेस पर सवार होकर टाटानगर पहुंचे जहां उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर कई जानकारियां ली। उन्होंने कहा कि टाटानगर स्टेशन में यात्री सुविधा और ट्रेनों को समय से चलाना ही पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा स्टेशन की साफ-सफाई और यात्री सुरक्षा में सभी विभागों के साथ



मिलकर काम किया जाएगा। दो माह पूर्व रेलवे ने कई अधिकारियों का तबादला कर दिया था। टाटानगर स्टेशन के पूर्व निदेशक रघुवंश कुमार के तबादले के बाद से ही पद रिक्त था। निदेशक के स्वागत समारोह में स्टेशन अधीक्षक ओपी शर्मा, वाणिज्य उपाधीक्षक सुनील सिंह, सीआई शशि कुमार, सीएचआई महाराज महतो, कैटरिंग इंस्पेक्टर राकेश कुमार और बुकिंग सुपरवाईजर नवीन अंबष्ठ शामिल थे।

## यात्रियों का मोबाइल छीननेवाले पांच आरोपी गिरफ्तार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर की बागबेड़ा पुलिस ने चलती ट्रेन यात्रियों का मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के कुल पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये सभी चलती ट्रेन से यात्रियों के मोबाइल को झपट्टा मारकर छीनने में माहिर है। गिरफ्तार आरोपियों में विजय साहू, सोनू कुमार उर्फ पादा, रजनीश कुमार गुप्ता, सागर यादव और रिकी कुमार शामिल है। सभी जुगसलाई और बागबेड़ा के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुछ चार मोबाइल भी बरामद किया है। जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में छिनतई की शिकायतें मिल रही थी। शिकायतों पर करवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में जानकारी मिली कि सभी मोबाइल की छिनतई करते है। ज्यादातर ट्रेनों में घटना को अंजाम देते है। मोबाइल को बेचकर जो पैसे आते है उसे आपस में बांट लेते थे। फिलहाल पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## डीएवी गुवा में चन्द्रशेखर वेंकट रमन दिवस पर विज्ञान क्विज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नोवामुंडी :** डीएवी पब्लिक स्कूल गुवा में भारत रत्न की उपाधि से विभूषित एवं लेनिन शान्ति पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकट रमन का जन्मोत्सव दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएवी गुवा की प्राचार्या उषा राय की अध्यक्षता में विद्यालय के सीसीए कार्यक्रम के तहत विज्ञान क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में श्रद्धानंद सदन 35 अंक से प्रथम,विवेकानंद सदन 30 अंक से द्वितीय एवं अरविंदो सदन 25 अंक की प्राप्ति से तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में डीएवी गुवा की प्राचार्या उषा राय ने कहा कि विज्ञान वह व्यवस्थित ज्ञान या विद्या है जो



विचार, अवलोकन, अध्ययन और प्रयोग से मिलती है। उन्होने कहा कि डीएवी संस्था का उद्देश्य बच्चों में न सिर्फ ज्ञान व विज्ञान के प्रति सिर्फ जागरूकता बढ़ाना है अपितु बल्कि छात्रों में वैज्ञानिक चेतना भी विकसित करना है।कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए स्कूल के जीव विज्ञान शिक्षक अंजन सेन ने वेंकेंट रमन के जीवन एवं उपलब्धियां पर सारगर्मित विचार दिए। आयोजित कार्यक्रम के विवरण की जानकारी रसायन विज्ञान शिक्षक अनिरुद्ध दत्ता ने बच्चों को दिया। आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों में श्वेता कर्मकार, मोहम्मद अफान, पूजा गुप्ता, मान्य श्री, साक्षी गुड़िया, राजवीर थापा, पवन कुमार, आलिया परवीन, ओम व रोबिन का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका कर रहे वरीय शिक्षक पीके आचार्या ने बच्चों को विज्ञान विषय के प्रति जिज्ञासा जागृत करने हेतु संदेश दिए।

# तिरुलडीह में 20 लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त

## खनन विभाग की कार्रवाई में बालू ले जाते तीन ट्रैक्टर जब्त, कारोबारियों में हड़कंप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चांडिल :** बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरायकेला-खरसावां जिला खनन विभाग एक बार फिर एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार की रात को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के नेतृत्व में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तिरुलडीह में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में विभाग को बड़ी सफलता भी हाथ लगी है। रातभर छापामारी अभियान चलाने के बाद शनिवार की भोर को कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने छापामारी अभियान के दौरान तिरुलडीह में अवैध रूप से भंडारण



किए गए 20 लाख सीएफटी बालू जब्त किया है। इसके साथ ही गैरकानूनी रूप से बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टर भी जब्त किया है। तीनों ट्रैक्टर तिरुलडीह में रेलवे लाइन के किनारे सुवर्णरेखा नदी से बालू उठा रहे थे। वहीं बालू का अवैध भंडारण भी सुवर्णरेखा नदी के निकट ही किया गया था। छापामारी अभियान के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने सुरक्षा को लेकर जिला मुख्यालय से भी पुलिस बल साथ लेकर चले थे। छापामारी अभियान के दौरान तिरुलडीह थाना की पुलिस भी मौजूद थी। छापामारी के बाद तिरुलडीह थाना में तीन ट्रैक्टर के मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं बालू का अवैध भंडारण करने के खिलाफ अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि इस मामले में विभाग गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करेगी। बालू का अवैध भंडारण करने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं अवैध रूप से भंडारण किए गए जमीन के मालिक की जांच अंचल अधिकारी से कराई जाएगी और उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि तिरुलडीह में बालू का अवैध भंडारण को जब्त कर स्थानीय थाना और अंचल को सौंप दिया गया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद जब्त बालू की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व ईचागढ़ में जब्त किए गए दो लाख 32 हजार सीएफटी बालू का भी नीलामी किया जाएगा। उसे भी सुरक्षा के लिए ईचागढ़ थाना और अंचल को सौंपा गया है। ईचागढ़ के मामले में भी अवैध भंडारण किए गए जमीन के मालिक का पता लगाया जा रहा है।

## झुमरीतिलैया नगर परिषद ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत झुमरीतिलैया नगर परिषद ने शनिवार को रामेश्वरम, झंडा चौक के पास स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान ओपन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं नगर प्रशासक हर्षवर्धन ने लोगों से लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा लेकर जागरूक नागरिक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। लोकतंत्र की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें जनता सर्वोपरी होती है। देश का भविष्य तय करने के लिए उन्हें मतदान का अधिकार दिया गया है। इसलिए सभी लोग 20 मई को मतदान करें और मजबूत सरकार बनाने में सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि पहले मतदान करें फिर जलपान। वहीं नगर प्रबंधक डा. अरविंद मोदी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका विकास कभी नहीं रुकता। लोकतंत्र में ऐसी सरकार बनती है जो अपनी शक्ति लोगों से लेती है। मतदाता इस बात की जानकारी पहले से ले लें कि उन्हें कब और कहां मतदान करना है।

## एक झलक

### पलनवा में ट्रक पर लदे 123 किलो गांजा जब्त

**पूर्वी चंपारण** : जिला पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।जहां गुप्त सूचना मिलने के बाद एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में रामगढवा व पलनवा थाना पुलिस ने पखनहिया बाजार के समीप छापेमारी करते हुए एक ट्रक सहित 123 .8 किलो ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नेपाल के बारा जिला के कलैया बड़ा चौकी थाना क्षेत्र निवासी मुसाफिर हवारी के रूप में हुई है। जिसके पास से बरामद गांजा व तस्करी में प्रयुक्त ट्रक व मोबाइल को जब्त कर पलनवा थाना में कांड दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा है। छापामारी टीम में रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार,पलनवा थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो,रामगढवा थानाध्यक्ष सच्चिदानंद पाण्डेय,एसआई अजित कुमार सिंह,पीएसआई सुमित कुमार प्रसाद,पीएसआई अभिषेक कुमार पासवान व सशस्त्र बल शामिल थे।

### 60 हजार लीटर स्प्रिट सहित एक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण** : जिले पीपराकोठी के वाटगंज में मघनिषेध इकाई पटना व जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 60 हजार लीटर स्प्रिट से भरा दो टैंकर व चरस बरामद करते हुए एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस बाबत पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्र ने बताया है कि लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। ऐसे में शराब व शराब धंधेबाजों की भी लगातार टोह ली जा रही है। गुप्त सूचना पर वाटगंज स्थित फौजी लाइन होटल से 2 टैंकर सहित 60 हजार लीटर स्प्रिट,1 किलोग्राम चरस,टोयटा की अर्बन क्रूजर कार व 1 मोबाइल फोन जब्त किया गया है। गिरफ्तार तस्कर राजेश सिंह मोतीपुर थाना क्षेत्र का शातिर शराब कारोबारी है। इसके विरुद्ध मोतीपुर थाने में वर्ष 2011,13 एवं 18 में तीन उत्पाद अधिनियम का केस दर्ज है। पुलिस जब्त मोबाइल का कॉल डिटेल्स निकालकर शराब के सिंडिकेट में जुड़े अन्य तस्करों की खोज में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस टीम में डीएसपी सदर 2 जितेश पांडेय,थानाध्यक्ष पीपराकोठी खालिद अनवर,एसआई पीपराकोठी राजेन्द्र सिंह,नन्दलाल पासवान,पीएसआई राजवीर,स्मिता राज श्री,पीपरा के पीएसआई धर्मवीर चौधरी सहित पुलिस बल शामिल थे।

### हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण** : जिला पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे एक अपराधी को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि पहाड़पुर थाना क्षेत्र के एकडेरवा पईन के समीप कुछ अपराधी हथियार के साथ इकट्ठा होकर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के साथ ही एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर गठित टीम ने उक्त स्थल की घेराबंदी कर किये छापेमारी के दौरान एक अपराधी को हथियार समेत दबोच लिया गया। जबकि कुछ अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। जिनके विरूद्ध छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधी हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मठलोहियार गांव निवासी भूमिलाल का बेटे रूपेश कुमार है। जिसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।तलाशी के दौरान इसके पास से दो देसी कट्टा, एयरगन पिस्टल-01, 315 का खोखा 01, 315 बोर के जिंदा-03 गोली, मोबाइल-02, एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है।छापेमारी टीम में अरेराज डीएसपी रंजन कुमार,अरेराज सर्किल इंस्पेक्टर के.के गुप्ता,पहाड़पुर थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार व पहाड़पुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# करंट की चपेट से तीन लोगों की मौत

एजेंसी

**बिहारशरीफ** : नालंदा जिले के कतरी सराय थाना क्षेत्र के तारा बीघा गांव में बिजली करंट लगने से शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि उक्त गांव के एक मछली पालक द्वारा अपने मछली के तालाब को सुरक्षित रखने की मंशा से एक लोहे के छड़ से विद्युत प्रवाहित तार को फंसा कर गाढ दिया गया था। शनिवार की सुबह पास के गिरियक थाना क्षेत्र के लाख चौक गांव निवासी पिंटू राम के 14 वर्षीय पुत्र गुलशन उक्त स्थान पर शौच के लिए गया था, जहां शौच के दौरान उक्त तालाब का पानी छूने के क्रम में वह करंट के चपेट में आ गए। करंट के चपेट में आते ही उनकी मौत मौके पर हो गई।



घटना की जानकारी के बाद मृतक के दो मामा पंकज कुमार एवं मिथुन भांजे को बचाने को लेकर तालाब में कूद गए। जिससे दोनों की मौत करंट के चपेट में आने से हो गई। घटना के कुछ देर बाद ही मृतक गुलशन की भाभी की तबियत खराब हो चुकी है। बताया जाता है कि नवादा जिले के तीरभोजना गांव निवासी प्रमोद महतो तारा विगहा में खिचड़ी पड़ोस की दुकान चलाते हैं। दुकान के समीप ही उनके द्वारा मछली पालन का कारोबार किया जाता है। तालाब में मछली सुरक्षित रहे इसके लिए उन्होंने अपने पानी भरे तालाब में लोहे की छड़ में विद्युत प्रवाहित तार को बांधकर तालाब में गाढ दिया गया था। घटना के बाद आरोपी प्रमोद महतो फरार बताया जा रहा है। मरने वालों में ताराबिगहा गांव निवासी 28 वर्षीय पंकज कुमार,25 वर्षीय मिथुन कुमार उर्फ मिद्धु कुमार व गिरियक थाना क्षेत्र के लखाचक गांव निवासी पिंटू राम के 14 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार है। घटना में एक अन्य व्यक्ति के भी घायल होने की सूचना है, जिसका इलाज नवादा के वारसलीगंज में चल रहा है।

# आजाद युवा विचार मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



एजेंसी

**सहरसा** : मानवता ही सबसे बड़ी पूजा है कार्यक्रम के तहत आजाद युवा विचार मंच द्वारा रक्तदान जीवनदान के महत्व को देखते हुए मंच द्वारा 2 युनिट रक्तदान किया गया। जहां मंच के संयोजक मृत्युंजय झा छोटे ने अपना एक यूनिट रक्त सदर अस्पताल में भर्ती पुरुषोत्तमपुर पुरीख निवासी 61 वर्षीय दिगम्बर सिंह के लिए दान किया। मंच द्वारा कहरा प्रखंड इकाई अध्यक्ष बनगांव नगर पंचायत के वार्ड पार्षद अमित चौधरी ने सदर अस्पताल में भर्ती चैनपुर निवासी एक अत्यंत ही जरुरतमंद के जीवन बचाने हेतु अपना एक यूनिट रक्त दान किया। आजाद युवा विचार मंच के द्वारा रक्तदान का कार्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से किया जाता है ताकि लोग रक्तदान के प्रति फैली गलत भ्रांतियों को दरकिनार कर ज्यादा से ज्यादा जरुरतमंदों के लिए रक्तदान करने हेतु आगे आएं लेकिन अक्सर यह देखने को मिलता है कि लोगों के पास रक्तदान करने वाले अपने कई परिजन के होते हुए भी मुफ्त कि व्यवस्था पर लोग निर्भर होना चाहते हैं।ऐसे में हमसभी का दायित्व बनता है कि जो वास्तविक जरुरतमंद है उनके लिए ही रक्त दान जैसा पुनीत कार्य करें।

# हाथ का साथ-बदलेगा हालात जिला कांग्रेस की गारंटी

एजेंसी

**गोपालगंज** : जिला कांग्रेस की संगठानात्मक बैठक ज़िला अध्यक्ष ओम प्रकाश गर्ग की अध्यक्षता में की गई,जिसमें लोक सभा चुनाव को लेकर रणनीति बनायी गई साथ ही कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड को प्रकाशित किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की देश के जनमानस को पाच गारंटी के साथ हर घर पहुंचने का संकल्प लिया हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता और बूथ रक्षक हाथ का साथ-बदलेगा हालत के जरिए हर व्यक्ति तक पहुंचने का लक्ष्य के साथ संकल्पित हुए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की युवाओ की गारंटी के तहत हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी की गारंटी, युवा रौशनी के तहत पांच हजार करोड़ का नया स्टार्टअप फंड, महिलाओं को महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को साल में एक लाख ,केंद्र सरकार के नई नौकरियों में 50% का आरक्षण, किसानों का कर्ज.माफी, एमएसपी की कानून गारंटी स्वामीनाथन फामूर्ले वाली, मानरेगा के तहत न्यूनतम 400 की गारंटी , पचीस लाख की स्वास्थ्य की गारंटी, शहरों के लिए मानरेगा जैसी योजना, सामाजिक और आर्थिक जनगणना जैसी कई गारंटी कांग्रेस की सरकार देगी। कार्यक्रम में नागेंद्र तिवारी, डॉक्टर रियाजुदीन अंसारी, विनोद कुमार तिवारी, हीरालाल गद्दी, राकेश कुमार तिवारी, सतार अली, हरेंद्र तिवारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चुनाव देश में दो विचारधाराओं के बीच : सुबोध मेहता




**अररिया** : राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध कुमार मेहता ने 2024 के लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच होने को करार दिया। राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि एक विचारधारा वह है जो सिर्फ 10 प्रतिशत कॉरपोरेट घरानों का प्रतिनिधित्व करती है। दूसरी तरफ 90 फीसदी बहुजन आबादी वाली विचारधारा है, जो किसानों बेरोजगारों गरीबों छोटे व्यवसायियों के भविष्य की चिंता करती है। मेहता ने कहा कि अररिया से राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम उच्च शिक्षित युवा हैं। काफी संघर्षशील हैं। बिहार सरकार के आपदा मंत्री रहते हुए उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। लगातार जनता से उनका जुड़ाव रहा है और बांका के प्रभारी मंत्री रहते हुए जिले के कल्याण के लिए उन्होंने कई कार्य करवाए। निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे तो अररिया की जोरदार उपस्थिति सदन में रहेगी। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनेगी तो अररिया में भी उद्योग लगेंगे।उन्होंने कहा कि 17 महीने के हमारे बिहार सरकार ने साढ़े 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम किया। पर्यटन,स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया। कम समय में ऐतिहासिक रूप से जन सरोकारों से जुड़े मुद्दे निपटाए गए , राजद गठबंधन सरकार ने अपने बूते पर जाति जनगणना करवाई और उसके अनुरूप आरक्षण का दायरा बढ़ाया , ठीक इसी तरह देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते हैं राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराया जाएगा। किसानों के लिए स्वामीनाथन समिति की सभी सिफारिशें लागू की जाएगी उन्हें उनके फसलों पर एमएसपी दी जाएगी।

# बैनर लगा कर जागरुक कर रहा है दवा व्यावसायिक संघ




एजेंसी

**अररिया** : पिछले दो चरण में हुए मतदान के प्रतिशत में गिरावट को लेकर विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों ने मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में फारबिसगंज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से चुनाव में मतदान करने के लिए आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। इस मुहिम के तहत शहर के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों मेंइस आशय का बैनर लगाया गया है। मतदाता जागरण अभियान के तहत संघ के संरक्षक विनोद सरावगी, शाखा अध्यक्ष सह बीसीडीए के ईस्ट जोन के संयुक्त सचिव अवधेश कुमार साह, सचिव मनोज कुमार भारती ,उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण सोनु, प्रशासनिक सचिव राकेश रौशन, समन्वयक गणेश यादव, सतीश कुमार साह आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# जीवनभर नवादा संसदीय क्षेत्र की करता रहूंगा सेवा : चन्दन

■ सांसद चंदन को देख फूट फूट कर रोने लगे खनवा के ग्रामीण

एजेंसी

**नवादा** : बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्री कृष्णा सिंह की जन्मस्थली नवादा जिले के खनवां गांव शनिवार को सांसद चंदन सिंह एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों की सुधि ली ।कई ग्रामीण उनका चुनाव नहीं लड़ने पर फूट-फूट कर रोने लगे,जिस कारण अजीबो - गरीब हृश्य पैदा हो गई ।सांसद चंदन सिंह ने कहा कि जीवन भर नवादा संसदीय क्षेत्र के लोगों की सेवा करता रहूंगा ।उन्होंने कहा कि एक माता थी जिसने मुझे जन्म दिया,



जिससे मैं संसार को देखा, लेकिन नवादा वासियों ने मुझे लोकसभा भेजकर भारत माता का दर्शन कराया ।उन्होंने कहा कि कोई खास परिस्थितियों रही जिस कारण मैं दोबारा नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ सका, लेकिन राजनीति में सब कुछ होता है। इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं लगातार नवादा वासियों से जुड़ा हुआ हूं ।पूरे जीवन नवादा वासियों की खिदमत करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को सदा सरकार करता रहूंगा।

## मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने लिया जायजा

**अररिया** : अररिया के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी इनायत खान ने शनिवार को अररिया पब्लिक स्कूल, स्टार ग्लोबल पब्लिक स्कूल एवं स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में मतदान कर्मियों को दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अररिया द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेते हुए प्रशिक्षणार्थियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र पर सभी मतदान पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी मतदान पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर टीम भावना के साथ कार्य करेंगे।

# मतदाता जागरुकता को लेकर किया गया पैदल मार्च

**समस्तीपुर** : जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अधीन समाहरणालय मुख्य द्वार से बी आर बी कॉलेज समस्तीपुर तक पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इसमें जीविका दीदियों, आंगनवाड़ी सेविका / सहायिका, विकास मित्र,किशोर किशोरी समूह के बच्चे, आशा कार्यकता, स्कूली बच्चे, समाहरणालय के सभी विभागों के कर्मी शामिल थे। समाहरणालय के मुख्य द्वार से नगर आयुक्त कुमार देवेंद्र प्रोज्जवाल, अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी एवम उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर इस पैदल मार्च को रवाना किया गया। इस पैदल मार्च में करीब 500 लोग




शामिल हुए। इसमें शामिल सभी लोगों के द्वारा मतदाताओं से अपने मत का निश्चित रूप से प्रयोग करने की अपील की गई । 13 मई के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सभी मतदाताओं को जागरूक किया गया। बी आर बी कॉलेज समस्तीपुर में सभी को मतदान करने से संबंधित शपथ दिलाई गई।

# टिफिन व्यवसायी के पुत्र ने जेईई मेंस परीक्षा में मारी बाजी



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के रक्सौल शहर के टिफिन व्यवसायी के पुत्र विशेष राज ने जेईई मेंस की परीक्षा में 98.5 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण कर जिले के मान को बढ़ाया है। विशेष के पिता रक्सौल शहर के नागा रोड स्थित बाबा मठिया के निवासी सुनील कुमार भगत पटना में भोजनबंद टिफिन का व्यवसाय करते है। जिन्होने अपने बेटे की सफलता पर आंखो में खुशी जाहिर करते बताते है,कि बिशेष ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई रक्सौल शहर के एस.ए.वी. विद्यालय से की और कड़ी मेहनत से इस मुकाम को हासिल किया है। उन्होने बताया कि विशेष ने मैट्रिक परीक्षा में 97 प्रतिशत मार्क्स हासिल किया, तो हमने ठान लिया कि बेटे को अच्छा मुकाम दिलायेगे। जिसके लिए उन्होने रक्सौल छोड़ कर पटना को अपना ठिकाना बनाया और बेटे को पढ़ाने के लिए पटना में टिफिन व्यवसाय शुरू किया और दफ्तर दफ्तर खाना पैक कर टिफिन पहुंचाने लगे।आज मेरे बेटे ने हमारे संघर्ष को एक मुकाम दे दिया।

# नेपाल में रह रहे भारत के मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**अररिया** : नेपाल में बड़ी संख्या में सीमावर्ती क्षेत्र के लोग मजदूरी या अन्य रोजगार के काम करते हैं।ऐसे नेपाल में रह रहे अररिया,सुपौल सहित अन्य जिलों के श्रमिकों और लोगों को भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए भारत नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच की ओर से जागरूक किया जा रहा है। नेपाल में बड़ी संख्या में कोशी और सीमांचल के लोग अपने और परिवार के जीविकोपार्जन के लिए रहते हैं। भारत-नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा और सलाहकार महेश साह स्वर्णकार के नेतृत्व मे नेपाल मे रह रहे अररिया और सुपौल जिले के नागरिक के बीच मतदान के लिए निमंत्रण पत्र दे कर लोगो को जागरूक कर रहे है। मंच के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि विराटनगर सहित मोरंग सुनसरी औद्योगिक कॉरिडोर मे काफी संख्या मे जिले के नागरिक कार्य करते है। काफी लोग पूरे परिवार के साथ ही रहते है, जिसकी संख्या हजारों मे है। कई बार कोशी प्रदेश से लगी नेपाल की सीमा अन्य जिले मे चुनाव के वक्त सील हो जाती है। जिस कारण सही जानकारी के अभाव में काफी संख्या में लोग मतदान से वंचित हो जाते है। जिसको लेकर इस लोकतंत्र के महापर्व मे नेपाल मे रह रहे कोशी सीमांचल के लोगो को आमंत्रण पत्र देकर मतदान के लिए मतदान से दो दिन पूर्व अपने गृह स्थल जाने का अनुरोध कर रहे हैं। इसके लिए पंप्लेट बनाया गया है जिसमे मन लुभावन स्लोगन लिखा गया है "भेज रहे है स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को 7 मई 2024 भूल न जाना, वोट डालने आने को " जो लोगो को काफी उत्साहित कर रहा है। मंच के अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि सिर्फ कोशी प्रदेश के मोरंग जिले में अनुमानित हजारो की संख्या मे ऐसे लोग है जो रोजी रोटी के लिए नेपाल में रह रहे हैं।

# फारबिसगंज में दिखा पुलिस का मानवीय चेहरा



**फारबिसगंज/अररिया** : देश के कई राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। कई इलाकों में तो पारा 40 -42 डिग्री तक पहुंच गया है, ऐसे में लोग इस तपती गर्मी से बेहाल है। वही, फारबिसगंज में हुए पीएम मोदी की रैली को देखने आए एक बुजुर्ग बेहोश होकर गिर पड़े तो वही मौजूद एक पुलिसकर्मी मसीहा बनकर आएं। उस पुलिस वाले ने दौड़कर उसे पकड़ा और छाव में बैठाया और उनके लिए दौड़कर पानी लाया और उन्हें पिलाया। जिसे देखकर लोगों ने उनकी काफी तारीफ भी किया।

# बेगूसराय में बीते 24 घंटे में छह लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

**पटना** : बिहार के बेगूसराय में पिछले 24 घंटे के भीतर 06 लोगों की जान सड़क हादसों में चली गई है। पहली घटना लाखो थाना क्षेत्र के सांई मंदिर के पास एनएच-31 की है, जहां शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवक को कुचल दिया। तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। डायल 112 की पुलिस टीम ने घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। किशन कुमार की स्थिति गंभीर देखते हुए परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर का रहने वाला था। मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। दूसरी घटना वीरपुर संजात पथ पर पकड़ी के समीप सड़क हादसे में भवानंदपुर पंचायत का मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार मध्य रात की है ।मृतक दोनों युवक वीरपुर थाना क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत के वार्ड 10 का रहने वाले थे। मृतकों युवक की पहचान मो. मकतूब के 23 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इरशाद उर्फ गोरे, दूसरे युवक की पहचान मोहम्मद मेराज हाफिज का 21 वर्षीय बेटे मोहम्मद बली उल्लाह के रूप में हुई है। मृतक दोनों युवक आपस में दोस्त थे। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों युवक मुजफ्फरा की तरफ से वीरपुर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान पकड़ी हनुमान मंदिर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने दोनों बाइक सवार युवक को रौंद डाला। जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर वीरपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। तीसरी घटना शनिवार सुबह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एसएच- 55 खम्हार गौतम धाम के निकट आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में दो लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं घायल तीसरे युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

# राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन चुनाव कार्यालय का मंत्री ने किया उद्घाटन

एजेंसी

**सहरसा** : शहर के पूरब बाजार स्थित पुराना राइस मिल के परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सह एनडीए संयोजक दिवाकर सिंह के संचालन में चले इस कार्यक्रम में वक्ताओ ने कहा कि गर्मी का समय है। ऐसे में हम सभी कार्यकताओं को अपने घरों से निकलकर आम मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने के लिए मिलजुल कर प्रयास करेंगे।उन्होंने कहा कि इस बार फिर से एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करेंगे।वही बिहार में इस बार सभी 40 सीटों पर एनडीए को विजय दिलाने के



लिए सभी घटक दल एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदान में इस बार मत प्रतिशत काम हो रहा है जिसे ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर एकजुट होकर अधिक से अधिक लोगों का अपने पक्ष में मतदान करने का प्रयास करेंगे। आज यहां एनडीए की कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। जहां से प्रत्येक प्रखंड में कार्यकताओं को समन्वय स्थापित कर चुनावी अभियान चलाया जाएगा। सिंह ने बताया कि सम्मानित कार्यकर्ता ,पदाधिकारी दिन रविवार को सोनबरसा हाई स्कूल के प्रांगण में पूर्व मुख्य मंत्री जीतन राम मांझी, मंत्री मंगल पांडे एवं जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा दिन के ग्यारह बजे एक महती चुनावी सभा को संबोधित करने जा रहे हैं।

# टाइटंस का आरसीबी से मुकाबला आज



एजेंसी

**अहमदाबाद :** आईपीएल में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। गुजरात को जहां पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आरसीबी ने अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर अपनी लय हासिल करने का प्रयास किया है। अंक तालिका की बात करें तो गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। वहीं आरसीबी चार अंकों के साथ ही सबसे नीचे दसवें नंबर पर है।

गुजरात जायंट्स को अगर इस मैच में जी दर्ज करनी है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर अंकुश लगाना होगा। विराट ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। इसके साथ ही उसे आरसीबी के मध्यक्रम को भी रन बनाने से रोकना होगा। गुजरात की टीम का अगर प्लेऑफ के लिए संभावनाएं रखनी हैं तो उसे हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। गुजरात के तेज गेंदबाजों को सुधार की जरुरत है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। उसके गेंदबाजों मोहित शर्मा, उमेश यादव, संदीप वारियर ने अब तक काफी रन दिये हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे अन्य तेज गेंदबाज भी विफल रहे हैं। उनके स्पिनर राशिद खान, आर साई किशोर और नूर अहमद भी अब तक उम्मीद के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, राशिद ने हालांकि निचले क्रम पर फिनिशर की अच्छी जिम्मेदारी निभाई है। उसके गेंदबाजों को आरसीबी के मध्यक्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन से सावधान रहना होगा। रजत भी पिछले कुछ मैचों से लय में आ गये हैं। वह स्पिनरों के खिलाफ बेहद आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में स्पिनरों पर हमला करते हुए अर्धशतक लगाये हैं। वहीं ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा निचले क्रम में आरसीबी के पास दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर जैसे बल्लेबाज हैं। विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी ने सभी मैचों में टीम को अच्छी शुरूआत दिलायी है। गेंदबाजी की बात करें तो आरसीबी इसमें कमजोर रही है। उसके मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल के अलावा कैमरन ग्रीन ने अब तक निरशा किया है। स्पिनरों की बात करें तो लेग स्पिनर कर्ण शर्मा भी साधारण रहे हैं।दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रही है। इनके अलावा डेविड मिलर, विजय शंकर और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी भी उसके पास हैं पर ये सभी अब तक टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचा पाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो ये मुकाबला बराबरी का रहेगा।

## पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट के सेमीफाइनल में सेंथिलकुमार

■ **विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीय सेंथिलकुमार ने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त की**

12

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चल रहे 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट बैच ओपन स्क्वैश के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सेंथिलकुमार ने शुक्रवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को सीधे गेम में शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीय सेंथिलकुमार ने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 3-0



(11-5, 11-6, 11-2) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला हांगकांग के एंडीज लिंग से होगा। हालांकि, अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे को क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा ने 29 मिनट तक चले मैच में 7-11, 7-11, 8-11 से हराया।

## एक झलक

### बुमराह को छोड़कर अन्य गेंदबाज रहे हैं असफल

**नई दिल्ली :** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड ने माना है कि उनकी टीम के गेंदबाज इस बार प्रभावी नहीं रहे हैं। इसी कारण वे विरोधी टीम के बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाये हैं। इसलिए अब उसे बचे हुए मैचों में अपनी गेंदबाजी पर ध्यान देना होगा। मुंबई इंडियंस इस सत्र में अब तक आठ मैच में से केवल तीन में ही जीत हासिल कर पायी है जिससे वह अंक तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गयी है। अब तक टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ही प्रभावी रहे हैं। वहीं बाकि गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाये हैं। पिछले मैच में भी बुमराह की गेंदबाजी को छोड़कर उसके लिए कुछ भी खास नहीं रहा जिससे उसे राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था। इस क्रिकेटर ने कहा, ह्यबुमराह हमारे लिए मुकाबलों में जीत ला रहे हैं पर हम विरोधी टीम की तेजी को रोकने में असफल रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा, ह्यआगे हमारे अब यही बड़ी चुनौती होगी। मुंबई की टीम के लिए प्लेऑफ में जगह हासिल करना बेहद कठिन है। इसके लिए उसे अब हर मैच बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके अलावा अन्य टीमों के परिणामों का भी प्रभाव पड़ेगा। इस क्रिकेटर ने कहा कि अब हमें शीर्ष स्तर का क्रिकेट खेलना होगा।

### प्लेऑफ में पहुंच सकती है पंजाब किंग्स : शशांक

**कोलकाता :** पंजाब किंग्स के बल्लेबाजी ऑलराउंडर शशांक सिंह ने कहा कि उनकी टीम अब भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के प्लेऑफ में जगह बना सकती है पर इसके लिए बचे हुए सभी मैच जीतने होंगे। शशांक ने केकेआर के खिलाफ मुकाबले में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस बल्लेबाज ने कहा कि हमारे पास अभी भी 5 मैच बाकी हैं पर मैं एक समय में एक मैच पर ध्यान दूंगा और मेरा मानना है कि हम अभी भी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। केकेआर पर जीत के बाद पंजाब किंग्स टीम इस आईपीएल सत्र में 9 में से तीन मैच जीतकर छह अंकों के साथ ही आठवें स्थान पर आ गयी है जबकि केकेआर आठ मैचों में पांच जीत दर्ज करके 10 अंकों के साथ ही दूसरे नंबर पर बनी हुई है। शशांक ने केकेआर के खिलाफ 28 गेंदों पर 242.86 के स्ट्राइक रेट से 68 रन बनाये थे। उन्होंने इस दौरान 2 चौके और 8 छक्के लगाए। शशांक ने इस मैच को लेकर कहा कि जब वह डग-आउट में थे तो उन्होंने ईडन गार्डन्स की पिच का व्यवहार देखा था। तभी उन्होंने केकेआर के अन्य गेंदबाजों पर शॉट खेलने और सुनील नरेन के खिलाफ एक और दो रन बनान तय किया था। शशांक ने कहा, जब मैं पिच के व्यवहार को देख रहा था तो मुझे लगा कि गेंद अच्छी उछाल के साथ अच्छी तरह से आ रही थी। ऐसे में वह तेज गेंदबाजों के खिलाफ शॉट खेलने के इरादे से उतरे जबकि नरेन के खिलाफ उन्होंने एक और दो रन बनाये। शशांक ने कहा, हम उसे खेलना चाहते थे। इसके अलावा दूसरे छोर पर जॉनी बेयरस्टो के रहने से भी उन्हें अच्छी सलाह मिली। साथ ही कहा कि जब आपको बेयरस्टो जैसे अनुभवी खिलाड़ी से सराहना मिलती है तो हौंसला अपने आप बढ़ जाता है।

### हमें हालातों के अनुसार ढ़लना होगा श्रेयस

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल के लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार से निराश नजर आये। अय्यर ने हालांकि हार के लिए किसी को दोष नहीं दिया है उन्होंने कहा कि हमें हालातों के अनुरुप ढ़लकर फिर से अपनी रणनीति बनानी होगी। केकेआर की टीम इस मैच में 262 रनों के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी जो टीम के लिए चिन्ता की बाज जरुर है। इससे पता चलता है कि टीम की गेंदबाजी अच्छी नहीं है। इस मैच में ईडन गार्डन्स के मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया था।

## भारत ने तीरंदाजी विश्व कप कंपाऊंड वर्ग में 4 स्वर्ण और 1 रजत जीता

■ **ज्योति सुरेखा ने व्यक्तिगत खिताब जीता, विश्व कप चरण में तीन स्वर्ण जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं**

एजेंसी

**शंघाई :** ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप में मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को 146(9*)-146(9) से हराकर महिला व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में यह उनका तीसरा और भारत का चौथा स्वर्ण पदक है। वह दीपिका कुमारी (एस3, 2021) के बाद एक ही विश्व कप चरण में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली



दूसरी भारतीय तीरंदाज बन गईं। इससे पहले उन्होंने कंपाउंड मिश्रित और महिला कंपाउंड टीम में स्वर्ण पदक जीते थे। वैश्विक स्तर पर बात करें तो ज्योति सारा लोपेज (एस2, 2016) और सारा सोनिचसेन (एस2, 2017) के बाद एक ही सीजन में तीन पदक जीतने वाली तीसरी कंपाउंड महिला तीरंदाज बन गईं हैं। ज्योति ने त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी अपना टिकट कटा लिया है। हालांकि पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड में प्रियांश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तीरंदाज फाइनल में प्रियांश को ऑस्ट्रिया के निको वीनर से 147-150 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक (4 स्वर्ण और 1रजत) के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

### रजा ने जिम्बाब्वे से खेलने के लिए आईपीएल सत्र बीच में ही छोड़ा

**मुम्बई :** पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने आईपीएल सत्र बीच में ही छोड़ दिया है। रजा ने कहा है कि उन्हें अपनी राष्ट्रीय टीम जिम्बाब्वे की ओर से खेलना है। रजा ने कहा कि देश की ओर से खेलना उनकी पहली प्राथमिकता रही है। इसी लिए उन्हें स्वदेश जाना पड़ रहा है। जिम्बाब्वे टीम बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी जिसके लिए रजा को टीम में जगह दी गयी है। जिम्बाब्वे को बांग्लादेश के खिलाफ 3 मई से पांच मैचों की एक टी20 सीरीज खेलनी है। इसे आगामी टी20 विश्वकप की तैयारियों को देखते हुए अहम माना जा रहा है।

रजा ने आईपीएल के इस सत्र में केवल दो ही मुकाबले खेले हैं। इन दो मुकाबलों में भी वह असफल रहे

## पीबीकेएस के खिलाफ हार के बाद केकेआर के कप्तान श्रेयस ने कहा- खिलाड़ियों के लिए यह बड़ी सीख

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ 261 रनों के विशाल स्कोर का बचाव नहीं कर पाना दुखद है, लेकिन यह हार खिलाड़ियों के लिए उनके आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में एक बड़ी सीख होगी। मैच ने कई रिकॉर्ड तोड़े, जिसमें पंजाब ने 8 गेंद शेष रहते हुए टी20 इतिहास के सबसे बड़ा 261 रनों के पार करने में सफलता हासिल की। अय्यर ने अपने सलामी बल्लेबाजों फिलिप साल्ट और सुनील नरेन की प्रशंसा की जिन्होंने उन्हें 20 ओवरों में 6



विकेट पर 261 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा करने में मदद की, उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों ने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह जबरदस्त थी।नरेन और साल्ट के बीच 138 रन की साझेदारी आईपीएल में केकेआर के लिए 8वीं 100 से अधिक की ओपनिंग साझेदारी थी। साल्ट ने 37 गेंदों में 75 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि नरेन ने 32 गेंदों में 71 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें श्रेयस अय्यर ने 28 रनों का शानदार योगदान दिया, जबकि वेंकटेश अय्यर ने 39 रनों की जीवंत पारी खेलकर केकेआर को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। केकेआर के कप्तान ने यह भी कहा कि वे पीबीकेएस के खिलाफ अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करेंगे और पता लगाएंगे कि ईडन गार्डन्स में उनके लिए क्या गलत हुआ। मैच के बाद प्रेजेंटेशन में अय्यर ने कहा, ₹बल्लेबाजों ने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह जबरदस्त थी। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने जबरदस्त खेला। आपको ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाना होगा

## एक दोस्ताना मैच खेलेंगे कोलंबिया, बोलीविया

एजेंसी

**बोगोटा :** कोलंबिया और बोलीविया संयुक्त राज्य अमेरिका में इस साल के कोपा अमेरिका की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जून में एक दोस्ताना मैच खेलेंगे। कोलंबियाई फुटबॉल महासंघ (एफसीएफ) ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। एफसीएफ के एक बयान के अनुसार, यह मैच 15 जून को ईस्ट हार्टफोर्ड, कनेक्टिकट के प्रैट एंड व्हिटनी स्टेडियम में खेला जाएगा। दुनिया का सबसे पुराना अंतरराष्ट्रीय महाद्वीपीय फुटबॉल टूनार्मेंट कोपा अमेरिका 20 जून से 14 जुलाई तक 14 मेजबान शहरों में खेला जाएगा। कोलंबिया अपने अभियान की शुरूआत 24 जून



को पराग्वे के खिलाफ करेगा और उसके बाद ग्रुप डी में कोस्टा रिका और ब्राजील का भी सामना करेगा।बोलीविया को संयुक्त राज्य अमेरिका, उरुग्वे और पनामा के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।

## प्रभसिमरन ने तीसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में लिए तीसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने आईपीएल 2024 में ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। प्रभसिमरन की 20 गेंदों में 54 रन की पारी ने पीबीकेएस की बल्लेबाजी लाइनअप की गति निर्धारित की। सलामी बल्लेबाज ने केकेआर के गेंदबाजों के खिलाफ 4 चौके और 5 छक्के लगाए। पीबीकेएस के सलामी बल्लेबाज ने केकेआर के खिलाफ अर्धशतक



लगाने के लिए सिर्फ 18 गेंदें लीं और सूची में तीसरा स्थान हासिल किया। केएल राहुल टूनार्मेंट के 2018 सीजन में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाने के साथ सूची में शीर्ष स्थान पर हैं। इस बीच, आईपीएल 2020 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 17 गेंदों में अर्धशतक के साथ, निकोलस पूरन सूची में दूसरे स्थान पर हैं। प्रभसिमरन शुक्रवार को केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान पावरप्ले के भीतर पीबीकेएस बल्लेबाजों द्वारा 50 से अधिक रन बनाने के एक और मील के पत्थर पर पहुंच गए। उन्होंने खेल की रन-चेज पारी में पहले छह ओवरों में 54 रन बनाए। इस बीच, 2022 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 54 रन बनाने के बाद जॉनी बेयरस्टो शीर्ष पर हैं। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 261 रन बनाए, केकेआर ओर से फिल साल्ट (75), सुनील नरेन (71) ने अर्धशतक लगाया, तो इसके बाद वेकटेश अय्यर (39), आंद्रे रसल (24) और कप्तान श्रेयस अय्यर (28) ने विफोस्टक पारियां खेलकर केकेआर को 250 के पार पहुंचाया।

## केंद्रीय बोर्ड को पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर मिली रिपोर्ट

एजेंसी

**मिज :** अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) के केंद्रीय बोर्ड को पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर रिपोर्ट मिल गई है। विश्व बास्केटबॉल शासी निकाय ने शुक्रवार को यहां घोषणा की। सेंट्रल बोर्ड की बैठक गुरुवार को एफआईबीए के मुख्यालय, पैट्रिक बॉमन हाउस ऑफ बास्केटबॉल में आयोजित की गई। बैठक में पुरुषों और महिलाओं की बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं, महिला ओलंपिक क्वालीफाइंग टूनार्मेंट और 3७3 यूनिवर्सलिटी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूनार्मेंट की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। पुरुषों के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूनार्मेंट और अगले साल के कॉन्टिनेंटल कप की तैयारी जारी है, और महिला बास्केटबॉल



विश्व कप 2026 प्री-क्वालीफाइंग टूनार्मेंट का ड्रा गुरुवार को यहां आयोजित किया गया था। प्री-क्वालीफाइंग टूनार्मेंट 19 से 25 अगस्त, 2024 के बीच मैक्सिको और रवांडा में आयोजित किया जाएगा। टूनार्मेंट में हिस्सा ले रही 16 टीमों को चार-चार टीमों के चार समूहों में विभाजित किया गया है। केंद्रीय बोर्ड ने आधिकारिक बास्केटबॉल नियमों में किए जाने वाले संशोधनों को हरी झंडी दे दी

## जांघ की चोट के कारण झेंग किनवेन का सफर समाप्त

■ **सबालेंका-रयबाकिना अगले दौर में**

एजेंसी

**मैड्रिड :** चीन की छठे नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन का मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सफर शुक्रवार को समय से पहले समाप्त हो गया, क्योंकि दाहिनी जांघ पर चोट के कारण उन्हें यूलिया पुतिनत्सेवा के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच के दूसरे सेट से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। शुक्रवार को झेंग को अपने कजाक प्रतिद्वंद्वी से पहला सेट 7-5 से हारने और दूसरे सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद शारीरिक समस्या के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। चीनी



खिलाड़ी को मैच के दौरान अपनी जांघ में दिक्कत हो रही थी, वह असहज दिख रही थीं। फ्रांस की 21वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया से 6-1, 6-4 से हारने के बाद वांग ज़िन्यू भी मैड्रिड से बाहर हो गई हैं। डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ने पोलैंड की मैग्डा लिनेट को तीन सेटों तक चले मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-3 से शिकस्त देकर तीसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना ने लूसिया ब्रोंजेटी पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। मिस्र की मेयर शेरिफ ने अपने सीजन का सर्वश्रेष्ठ मैच खेलते हुए 25वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक को 6-2, 7-5 से हराया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में 19 वर्षीय शांग जुनचेंग को स्पेन के 27वीं वरीयता प्राप्त एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने 7-5, 6-3 से हराया। बांह की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन से चूकने वाले स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने बेहतरीन वापसी करते हुए नंबर दो वरीय अलेक्जेंडर शेवचेंको को 6-2, 6-1 से हराया।

## अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

एजेंसी

**चेंगद :** भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया। इसके बाद प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है। महिला टीम अब अपने अगले मुकाबले में 28 अप्रैल को सिंगापुर और 30 अप्रैल को चीन से भिड़ेगी। इस साल की




शुरूआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया। उबेर कप के लिए भारतीय महिला बैडमिंटन टीमः (एकल) अनमोल खरब, तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा और इशरानी बरुआ। युगल टीम- श्रुति मिश्रा, प्रिया कोन्जेंगबाम, सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर।

### क्रुणाल पंड्या दूसरी बार पापा बने

**मुम्बई :** आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या दूसरी बार पापा बने हैं। क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनके घर एक बेटी का जन्म हुआ है। क्रुणाल ने नवजात बच्चे के साथ तीन तस्वीरें भी जारी की हैं। इसमें वह अपने बड़े बेटे को गोद में लिए नजर आ रहे हैं जबकि नवजात बच्चे को गोद में लिए हुए उनकी पत्नी पंखुड़ी शर्मा नजर आ रही हैं। सभी बेहद खुश नजर आ रहे हैं। क्रुणाल और पंखुड़ी का पहले से ही दो साल का एक बेटा है। वहीं बच्चे के जन्म पर दिनेश कार्तिक, युजवेंद्र चहल और शिखर धवन ने क्रुणाल को बधाई दी है। क्रुणाल ने भारत की ओर से अबतक 5 एकदिवसीय और 10 टी20 मैच खेले हैं। एकदिवसीय में 4 पारियों में उन्होंने 65.0 की औसत से 130 रन बनाए हैं

## कंपाउंड डिवीजन पर स्वर्ण पदक की हैट्रिक

एजेंसी

**शंघाई :** भारत ने शनिवार को शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में मजबूत शुरूआत करते हुए कंपाउंड वर्ग में तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित टीम ने देश को गौरवान्वित किया। सबसे पहले, ज्योति सुरेखा, अदिति गोस्वामी और परनीत की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने कड़े मुकाबले में इटली को 236-226 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया ने शनिवार को ट्वीट किया, बुल्स-आई!! ज्योति, अदिति और परनीत की महिला कंपाउंड टीम ने तीरंदाजी विश्व



कप - चरण 1 में इटली को 236-226 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बधाई हो, टीम भारत को कंपाउंड डिवीजन में अपना दूसरा पदक तब मिला जब अभिषेक वर्मा, प्रथमेश फुगे और प्रियांश की पुरुष टीम ने एक और कड़े स्वर्ण पदक मैच में नीदरलैंड को 238-231 से हराया। साई मीडिया ने ट्वीट किया, ₹कंपाउंड डिवीजन में दूसरा स्वर्ण! अभिषेक, प्रथमेश और प्रियांश की पुरुष कंपाउंड टीम ने नीदरलैंड को 238-231 से हराकर स्वर्ण पदक जीता! भारतीय तीरंदाजों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन कंपाउंड डिवीजन में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा की मिश्रित टीम ने देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। रोमांचक स्वर्ण पदक मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने एस्टोनिया को एक अंक (158-157) से हराया। साई मीडिया ने ट्वीट किया, ₹टीम इंडिया के लिए तीसरा स्वर्ण पदक तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की कंपाउंड मिश्रित टीम ने एस्टोनिया को 158-157 से हराकर देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। शंघाई में दबदबा तीरंदाजी विश्व कप का पहला चरण 23 से 28 अप्रैल तक शंघाई में आयोजित किया जाएगा जबकि दक्षिण कोरिया 21 से 26 मई तक दूसरे चरण की मेजबानी करेगा। विश्व कप के पहले दो चरणों में प्रदर्शन के आधार पर, अंताल्या में 18 से 23 जून तक होने वाले तीसरे चरण के लिए टीम का चयन किया जाएगा। विश्व कप का तीसरा चरण इस साल जुलाई से अगस्त तक होने वाले ओलंपिक से पहले रिकर्व तीरंदाजों के लिए अंतिम योग्यता कार्यक्रम होगा। तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 और 2 के लिए



मैड्रिड ओपन टेनिस में बेलारुस की आर्यना सबालेंका रिटर्न शॉट लगाती हुई।

## एक झलक

### कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नयी दिल्ली** : अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का मूल्य 0.49 डॉलर यानी 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की उछाल के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

### यस बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 123 फीसदी बढ़ कर 452 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली** : निजी क्षेत्र के यस बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 452 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बैंक का मुनाफा 202 करोड़ रुपये था। यस बैंक ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 452 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 202.43 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक ने बताया कि फंसे कर्ज के लिए प्रावधान में कमी के चलते उसका लाभ बढ़ा है। बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में यस बैंक ने 1,251 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो सालाना आधार पर 74 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बैंक का मुख्य शुद्ध ब्याज आय मामूली 2.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 2,153 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,105 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, इस दौरान शुद्ध ब्याज मार्जिन सालाना आधार पर 2.8 फीसदी से घटकर 2.4 फीसदी रह गया है।

यस बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार ने कहा कि बैंक अभी भी एक सूक्ष्म वित्त इकाई का अधिग्रहण करना चाह रहा है, जिससे उसे पीएसएल (प्राथमिकता क्षेत्र ऋण) के मोर्चे पर मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि बीते एक महीने में बैंक का शेयर करीब 12.28 फीसदी बढ़ा है जबकि पिछले छह महीने में इसका शेयर 63.32 फीसदी बढ़ा है। पिछले एक साल में इसने निवेशकों को 65.92 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# सेंसेक्स व निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी रही



**मुंबई (ईएमएस)** : बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी देखी गई। लगातार पांच दिनों से तेजी दिखा रहे शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है कि सप्ताह के आखिर में वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच निवेशकों ने बैंकिंग, वित्तीय और उपभोक्ता टिकाऊ शेयरों में निवेश कम कर दिया। इस वजह से भी बाजार के बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में पांच दिनों की तेजी के बाद बिकवाली देखने को मिली। व्यापारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी फंड की निकासी से धारणा पर असर पड़ा है। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को एशियाई बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की बढी खरीदारी के बीच बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स कारोबार में 639 अंक चढ़कर 73,728 पर खुला और 639 अंक चढ़कर 73,728 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का निफ्टी 190.1 अंक की बढ़त के साथ 22,337.10 पर खुला और 190.1 अंक की बढ़त के साथ 22,337.10 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 314 अंक बढ़कर 73,947 पर खुला और 314 अंक बढ़कर 73,947 पर बंद हुआ। निफ्टी 90 अंक की बढ़त के साथ 22,426 पर खुला और 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी हरे निशान पर कारोबार की शुरूआत हुई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 152.05 अंकों की बढ़त के साथ 73,908.99 के स्तर पर खुला और 114 अंक की बढ़त के साथ 73,852 पर बंद हुआ। निफ्टी 41.71 अंक उछलकर 22,409.70 के लेवल पर खुला और 34 अंक मजबूत होकर 22,402 पर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के बीच शेयर बाजार ने पिछले चार दिनों की तेजी गंवा दी। गुरुवार को शुरूआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 अंक पर खुला और 486.50 अंकों की बढ़त के साथ 74,339.44 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.15 अंक टूटकर 22,305.25 पर खुला और 167.95 अंक मजबूत होकर 22,570.35 पर बंद हुआ।

## रियलमी ने केवल सबसे तेज एंट्री-लेवल स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी किया पेश



**रांची** : सबसे भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने अपनी चैंपियन सीरीज - रियलमी सी सीरीज में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया। इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिजाईन है, जो यूजर्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिजाईन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों: चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिजाईन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं। आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज में अत्याधुनिक स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूजर के अनुभव में परिवर्तन ला देगा।

## माय11सर्किल पर टाटा आईपीएल के दौरान हर मैच में बने डेढ़ गुना मेगा विनर्स

**रांची** : भारत की सबसे ज्यादा यूजर सेंट्रिक एवं साइंटिफिक कंपनी गेम्स 24X7 के अग्रणी फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल और टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का ऑफिशियल एसोसिएट पार्टनर माय11सर्किल इस सीजन में अपने खिलाड़ियों की शानदार जीत का उत्सव मना रहा है। टूर्नामेंट आधा बीत चुका है और इस दौरान माय11सर्किल पर बड़ी संख्या में यूजर्स फैंटेसी क्रिकेट के अपने उत्साह को असली पुरस्कारों में बदल रहे हैं। पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत ज्यादा यानी डेढ़ गुना विजेताओं ने पुरस्कार जीता है। इसमें एक करोड़ रुपये एवं इससे ज्यादा का नकद इनाम और एसयूवी एवं मोटरसाइकिल शामिल हैं। पिछले संस्करण की तुलना में प्लेटफॉर्म पर रिवार्ड कैटेगरी चार गुना होने से विजेताओं की संख्या में यह उछाल आया है। उल्लेखनीय रूप से उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा विजेता रहे। इसके बाद बिहार, राजस्थान एवं गुजरात का नंबर है। विजेताओं की संख्या में वृद्धि के मामले में झारखंड सबसे आगे रहा है। यहां 65 प्रतिशत ज्यादा मेगा विनर्स बने हैं, जो यहां यूजर्स में बढ़ती प्रतिभागिता और क्रिकेट को लेकर उत्साह का प्रतीक है।विजेताओं की संख्या में इस वृद्धि को कुल प्राइज पूज में 45 प्रतिशत की वृद्धि से भी गति मिली है, जिससे शानदार फैंटेसी क्रिकेट रिवार्ड्स के लिए बेहतरीन प्लेटफॉर्म के रूप में माय11सर्किल की स्थिति मजबूत हुई है। ये विजेता अलग-अलग पृष्ठभूमि के हैं। इनमें कुछ पहली बार नौकरी करने वाले, सेल्सपर्सन, होम मेकर और अलग-अलग पेशे से जुड़े हुए हैं। इन सभी को क्रिकेट के प्रति उत्साह के एक ही धागे ने बांधा है। यह दिखाता है कि जो भी खेल को अच्छे से देखता है और खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन कर सकता है, वह माय11 सर्किल पर बड़े पुरस्कार जीत सकता है। माय11सर्किल के कैंपेन ह्यमाय11सर्किल पे एक करोड़ तो बस शुरूआत है, सोचो... कितनी बड़ी बात है! ने प्रशंसकों को इस खेल में जुड़ने, खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन करने और अपने क्रिकेटिंग के अनुभव को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया है।

### महिंद्रा लाइफस्पेस का मुनाफा घट कर 98 करोड़

**नयी दिल्ली (ईएमएस)** : महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा विकास इकाई महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड का मुनाफा बीते वित्त वर्ष 2023-24 में मामूली घट कर 97.89 लाख रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का मुनाफा 101.43 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार कंपनी की कुल आमदनी बीते वित्त वर्ष में घटकर 279.12 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 659.56 करोड़ रुपये थी। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा बढ़कर 71.15 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2023 तिमाही में सिर्फ 55 लाख रुपये था। कंपनी की कुल आमदनी मार्च तिमाही में घटकर 54.60 करोड़ रुपये रह गई, जो मार्च, 2023 तिमाही में 270.26 करोड़ रुपये थी।

## मई महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक, ये है छुट्टियों की पूरी लिस्ट




**नयी दिल्ली** : मई महीने की शुरूआत छुट्टियों के साथ होगी। इस महीने में बैंकों में 14 दिनों के अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर कुल 8 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा मई में 4 रविवार और 2 शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, इस दौरान बैंकों की ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक मई में कुल 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इसमें चार रविवार और 2 दिन शनिवार की साप्ताहिक छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य छह दिन क्षेत्रवार उत्सवों, लोकसभा चुनाव और राष्ट्रीय त्योहार के कारण बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग के दौर में आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।

मई में बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट :-

-एक मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर पूरे महाराष्ट्र में बैंकों में छुट्टी रहेगी।

-5 मई को रविवार के साप्ताहिक अवकाश के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

-7 मई को लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

-8 मई को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बैंकों में छुट्टी रहेगी।

-10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे।

-11 मई को शनिवार की छुट्टी की वजह से बैंकों की छुट्टी रहेगी।

-12 मई को दूसरे रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे।

-13 मई को लोकसभा के चौथे चरण के मतदान के अवसर पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

-16 मई को सिक्किम स्टेट डे के अवसर पर यहां सभी बैंक बंद रहेंगे।

-19 मई को तीसरे रविवार को साप्ताहिक अवकाश पर बैंकों में छुट्टी रहेगी।

-20 मई को लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के अवसर पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

-23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बैंकों में अवकाश रहेगा।

-25 मई को चौथे शनिवार की छुट्टियों की वजह से बैंकों में अवकाश रहेगा।

-26 मई को चौथे रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल बैंकिंग के दौर में बैंकों में अवकाश के दिन ब्रांच बंद रहने के बावजूद ऑनलाइन सर्विस जारी रहेंगी। इसके अलावा बैंकों के एटीएम की सर्विस यथावत रहेंगी।

## केन्द्र ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की दी अनुमति



**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात करने की अनुमति दी है। इन छह देशों में बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका हैं। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करने की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) प्याज का निर्यात करेगी। इसके साथ ही भारत सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है। मंत्रालय के मुताबिक देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते महाराष्ट्र एनसीईएल द्वारा निर्यात के लिए खरीदे गए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। हालांकि, केंद्र सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए खरीद का लक्ष्य इस वर्ष 5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम होने के अनुमान और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने की पृष्ठभूमि में पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### सुपरस्टार सिंगर 3 पर, नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी क्षितिज सक्सेना की तारीफ की



इस वीकेंड, सोनी पर 'सुपरस्टार सिंगर 3' के दर्शकों को दिल छू लेने वाले संगीत, पुरानी यादों और बहुत कुछ से भरा मनोरंजक एपिसोड देखने को मिलेगा! यह शो प्रसिद्ध म्यूज़िक डायरेक्टर्स-नदीम-श्रवण की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करेगा, जिन्होंने 1990 के दशक में चार्ट पर राज करने वाली यादगार धुनें बनाई हैं। 'नदीम-श्रवण स्पेशल' में, प्रतियोगी इस शानदार जोड़ी को सम्मानित करते हुए उनके कुछ सदाबहार क्लासिक्स का जादू बिखेरेंगे। उत्तर प्रदेश के 13 वर्षीय क्षितिज सक्सेना ने अपने गानों से मेहमानों को हैरान करने के लिए तैयार हैं। इस प्रदर्शन के लिए सुपर जज नेहा कक्कड़ और खास मेहमानों से तारीफें मिलेंगी। अनुराधा पौडवाल ने कहा, क्या शानदार परफॉर्मेंस है, हमारे खूबसूरत देश के हर कोने से ऐसी प्रतिभाओं को उभरते हुए देखकर मेरा दिल खुशी से भर जाता है।

## टीएचडीसी और एसजेवीएन ने टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स में हाई-पर फॉर्मेंस अकादमी के विकास को एमओयू पर किया हस्ताक्षर



**ऋषिकेश** : भारत में वाटर स्पोर्ट्स के विकास में क्रांति लाने के उद्देश्य से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएन फाउंडेशन ने एक विशेष समारोह में टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स, उत्तराखंड में टीएचडीसीआईएल हाई-परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आरके विश्नोई ने इस ऐतिहासिक कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एमओयू इंगित करता है कि हाइड्रो परियोजनाएं न केवल देश को 247 किफायती विद्युत उपलब्ध करवा सकती हैं, बल्कि विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए देश में खेल की शक्ति को भी बढ़ावा दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि हाइड्रो परियोजनाओं में न केवल ऊर्जा के दोहन में नए मानक स्थापित करने की क्षमता है अपितु बुनियादी ढांचे के निर्माण और क्षेत्र की उभरती एथलेटिक प्रतिभाओं को निखारने के लिए मंच प्रदान करने और वाटर स्पोर्ट्स को अगले क्षितिज पर ले जाने में भी मदद प्रदान कर सकती हैं, जिससे भारत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल परिदृश्य पर भी गौरवान्वित किया जा सकता है। विश्नोई ने कहा कि इस दूरदर्शी पहल के मूल में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की समग्र राष्ट्रीय विकास के प्रयासों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता निहित है, जिसका उदाहरण वर्ष 2022 और 2023 में टिहरी, उत्तराखंड में दो राष्ट्रीय स्तर के वाटर स्पोर्ट्स के सफल आयोजनों से मिलता है। यह महत्वपूर्ण पहल वाटर स्पोर्ट्स की कयाकिंग और कैनोइंग स्ट्रीम्स के लिए प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक सहयोगात्मक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, ताकि हमारे युवाओं को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया जा सके। महाप्रबंधक (एसजेवीएन) अवधेश प्रसाद और महाप्रबंधक (टीएचडीसीआईएल) अमरदीप ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीता कपूर, एसजेवीएन एवं निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड शैलेन्द्र सिंह, और एसजेवीएन और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एसजेवीएन कार्यालय, दिल्ली में इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन गीता कपूर ने कहा कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ यह साझेदारी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी आयोजनों के लिए हमारे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए पावर पीएसयू की एक साथ आने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

## पेज एक के शेष

**दो चरणों के चुनाव में राहुल ...**

का काम होगा। मोदी ने गुजरात को 05 लाख 95 हजार करोड़ रुपये दिये हैं।

**सरदार पटेल का स्मारक बनाया**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का नाम भुला दिया था, अब सरदार पटेल का स्मारक पीएम मोदी ने बनाया है। समुद्री किनारों को नरेन्द्र मोदी ने सुरक्षित किया है। कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में 08 घंटे से अधिक बिजली नहीं देती थी। जबकि, पीएम मोदी ने ज्योतिग्राम योजना के जरिये गांवों में 24 घंटे बिजली देने की शुरूआत कर दी है।

पीएम मोदी के कारण समग्र सौराष्ट्र में विकास का पहिया तेज गति से घूमा है।

उन्होंने पोरबंदर लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया का जिक्र कर कहा कि कोरोनाकाल में मांडविया ने घबराये बगैर एकदम शांत मन से वैक्सीन का काम पूरा किया। कांग्रेस सरकार में देश में 07 एम्स थे, आज हर साल एक लाख डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। यह मोदी सरकार की देन है। जन औषधि केन्द्र मनसुख मांडविया ने शुरू कराया। सौराष्ट्र में पानी की समस्या का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि सौराष्ट्र को कांग्रेस सरकार ने जल संकट की ओर धकेल दिया था। मोदी सरकार ने नर्मदा के जरिये पीने का पानी कच्छ तक पहुंचाया।

**समग्र वातावरण जयश्रीराम के नाम का**

अयोध्या की चर्चा कर शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार राममंदिर का मुद्दा 70 वर्षों तक भटकाती रही। आखिरकार, मोदी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साथ ही राममंदिर का निर्माण करवा कर समग्र वातावरण जयश्रीराम के नाम कर दिया है। गरीबों को अनाज, शौचालय, खुद का घर, उज्ज्वला गैस, नल से जल और 05 लाख तक की स्वास्थ्य सहायता का काम नरेन्द्र मोदी ने किया।

अनुच्छेद 370 का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने 05 अगस्त 2019 को इसे हटा दिया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार के समय कोई भी ऐरा-गैरा हमला करता था, लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर पाकिस्तान के घर में घुस कर एयर और सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मनों के हौसले पस्त कर दिये गये।

**कांग्रेस आदिवासी ...**

ओबीसी के आरक्षण पर कभी हाथ नहीं लगायेगा और किसी को लगाने देगा भी नहीं। भरुच से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयुक्त उम्मीदवार चैतर वसावा का जिक्र कर शाह ने कहा कि वह चैतर वसावा को अच्छी तरह से पहचानते हैं। भूल नहीं करना, नहीं तो वर्षों पुराना उसका यहां फिरौती का बिजनेस था, जो बंद हो गया है, वह फिर से चालू हो सकता है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार मनसुख वसावा के बारे में कहा कि इस क्षेत्र को उनके जैसा जनप्रतिनिधि नहीं मिलेगा। यदि आप मतदाताओं ने गड़बड़ी की, तो अर्बन नक्सली आ जायेंगे और आदिवासी क्षेत्र को तहस-नहस कर देंगे। केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए शाह ने कहा कि उनकी सरकार 70 साल से अधिक उम्र के लोगों का मुफ्त इलाज करेगी। नागरिक रोडपति हो या करोड़पति हों, सभी की दवा का खर्च मोदी ने माफ करने की घोषणा की है।

**शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम...**

चलाते थे। साथ ही, लोगों के सुख-दुख में भी भागीदारी निभाते थे। कुछ वर्ष पहले जब वह बीमार पड़ गये, तो उनकी पुत्री उन्हें अपने साथ रांची में ले जाकर रखने लगी। वह काफी मिलनसार और मृदुभाषि व्यक्ति थे।

**पारदर्शी मतदान के लिए ...**

कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जायेगी, ताकि शत प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी सम्बन्धित लोकसभा क्षेत्रों में जायेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (आफसेंट, सिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनायी गयी है, ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केन्द्र पर रहेंगे, ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। वहीं, सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालिंटियर के रूप में रखा जायेगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे, वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालिंटियरों का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर सम्बन्धित संस्थान, व्यक्ति पर कारवाई की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

**रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित ...**

है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही, लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किये हैं, जिसकी जांच की जायेगी। जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले, इसके लिए जरूरी इंतजाम किये जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केन्द्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गये हैं।

डॉ. रजनीश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस ! सावधानी बरतने की जरूरत है, जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरूरत है। यदि उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

**मुर्गियां, अंडे और बतख ...**

निस्तारण और सम्पूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य लगातार जारी है। इस बाबत डॉ. गणेश महली ने बताया कि टीम लगातार इलाके में अपना काम कर रही है। अब तक 1800 मुर्गी, अंडा 1697 और 451 बतख डिस्ट्रॉय किया गया है। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल को रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन की पुष्टि के बाद रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एहतियात के तौर पर एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिन्दा, मृत कुक्कुटों, कुक्कुट उत्पाद और अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी।

**संदेशखाली में सीबीआई छापे पर ...**

शासन लागू करने की वकालत कर रहे हैं। शुक्रवार को सीबीआई की छापेमारी के बाद शनिवार को तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिख कर सीबीआई पर आरोप लगाया है कि यह छापेमारी बंगाल को बदनाम करने के लिए की जा रही है। सीबीआई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए टीएमसी ने कहा है कि मतदान के दिन पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक खाली स्थान पर बेईमानी से छापा मारा गया, ताकि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी की छवि खराब की जा सके।

उधर, सीबीआई छापेमारी में विदेशी हथियार मिलने को गंभीर मामला बताते हुए बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि संदेशखाली में मिले हथियार विदेशी हैं, जिनका देश विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पूर्व टीएमसी नेता शाहजहां शेख आतंकी है। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री बने रहने का हक नहीं है। उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए।

भाजपा नेता एवं बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने संदेशखाली में हथियार मिलने पर ममता सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों के बलबूते पर ममता बनर्जी की सरकार चलती है। खासतौर पर मुसलमानों को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि संदेशखाली मामले के आरोपित शाहजहां शेख के करीबी अबु तालेब के घर पर सीबीआई की टीम हथियार और विस्फोटक ढूंढ रही थी। अधिकारियों ने टीएमसी के निलम्बित शाहजहां शेख के करीबी अबू तालेब मोल्ला से जुड़े दो ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान तालेब के ठिकानों से 04 विदेशी पिस्टल, 01 देसी पिस्टल, 01 इंडियन रिवॉल्वर, 01 पुलिस की कॉल्ट रिवॉल्वर बरामद हुई है। इसके अलावा 348 कारतूस और कई देशी बम भी बरामद हुए हैं।

सीबीआई को शक है कि अबु तालेब के घर से जो भी हथियार और विस्फोटक बरामद हुए हैं, वे पहले शाहजहां शेख के घर पर छिपा कर रखे गयै थे। लेकिन, शाहजहां शेख पर ईडी का शिकंजा कसने के बीच ये हथियार शाहजहां के घर से उसके करीबी अबु तालेब के घर पर शिफ्ट किये गये।

